

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 23 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-10 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 258 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ हर रणनीतिक मोर्चे पर भारत की निर्णायक सफलता

सलमान खान की सुरक्षा में चूक,देर शाम ग्लैक्सी अपार्टमेंट में घुसा संदिग्ध ◀◀ 6


# अवैध कोयला खदान में घुसा पानी 3 मजदूरों की मौत, पसरा मातम

## तलाशी अभियान जारी

संवाददाता

**हजारीबागः** जिले के खावा नदी के किनारे स्थित अवैध कोयले की खदान में नदी का पानी घुस गया। जिससे इसमें फंसे तीन मजदूरों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने मजदूरों को निकालने के लिये एनटीपीसी से मदद की गुहार लगायी है। इस पर एनटीपीसी ने अवैध कोयला खदान में तीन बड़े-बड़े मोटर पंप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

**कैसे हुई घटनाः** केरेडारी कंडावेर के खावा नदी के किनारे कोयला का अवैध उत्खनन कई माह से बड़े पैमाने पर किया जा रह था। 21 मई की दोपहर तीन बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गयी। बारिश को देखते हुए कोयले का अवैध उत्खनन करनेवाले तीन लोग खदान के अंदर रखे गये पानी की मशीन निकालने पहुंचे थे। इसी बीच तेज बारिश होने के कारण नदी पानी को रोकने के लिए बनाये गये मेढ़ को तोड़ते खदान में घुस गयी। इस हादसे में तीनों मजदूर खदान में ही फंस गये और उनकी मौत हो गयी।



**मृतकों की हुई पहचानः** खदान में फंसने वाले मजदूरों में कंडाबेर गांव निवासी रीतलाल साव के 45 वर्षीय पुत्र प्रमोद साव, शंभू साव के 25 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार और बदरुद्दीन मियां के 25 वर्षीय पुत्र नौशाद आलम शामिल हैं। इनमें से प्रमोद साव और उमेश साव खदान संचालक है। तीनों की मौत की खबर से इलाके में मातम फैल गया है।

क्या कहते हैं परिजनः खदान में फंसकर जान गंवाने वाले कंडाबेर गांव निवासी नौशाद की पत्नी अजमेरी खातून और प्रमोद साव की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि बुधवार एक बजे दिन को खराब मौसम देखते हुए घर में खदान जाने की बात कर रहे थे। बारिश शुरू होने से पहले पानी मशीन को खदान से बाहर करने वाले थे। तीनों ने मोबाइल पर बात की, फिर बाजार टांड़ कंडाबेर पहुंचे। वहां से तीनों खदान चल गये। परिजनों ने बताया कि चार बजे ग्रामीणो से सूचना मिली कि तीनों खदान में डूब गए है। डूबने की जानकारी मिलते ही परिजन खोजबीन के लिए खदान पहुंचे।

इस मामले पर अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने बताया कि घटना की सूचना सुबह मिली। घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इसके बाद एनटीपीसी के अधिकारियों को फोन कर कंपनी से तीन पानी पंप मशीन मंगाया गया है। तीनों मशीन से खदान का पानी सुखाने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि उन्हें अवैध कोयला उत्खनन की जानकारी नहीं थी। जंगल में कोयले का अवैध खदान चलता है,इसकी जानकारी पहली बार हुई। मामले की जांच की जा रही है। अवैध कार्य में संलिप्त लोगों पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# जम्मू-कश्मीर में फिर मुठभेड़, एक जवान शहीद, इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज



**नई दिल्लीः** जम्मू-कश्मीर में पिछले दो दिनों से लगातार सुरक्षाबलों द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ऑपरेशन के दौरान किश्तवाड़ जिले के छत्तरू इलाके के सिंहपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच शुक्रवार को मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया। लेकिन दुर्भाग्य से उनकी जान बच नहीं पाई और वह शहीद हो गए।

इस घटना की जानकारी देते हुए सेना की व्हाइट नाइट कोर की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट शेयर किया गया। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इलाके में भीषण गोलीबारी हो रही है और ऑपरेशन अभी भी चल रहा है । इसके साथ ही सेना ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें ब्रेवहार्ट बताया है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की मुठभेड़ पुष्टिः जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जो कि अभी भी जारी है। इसके तहत पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। साथ ही घटना स्थल पर पहले से अधिक सुरक्षाबलों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया है।

शोपियां और त्राल इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकवादी को किया ढेरः इससे पहले 16 मई को जम्मू-कश्मीर के शोपियां और त्राल इलाके में ऑपरेशन चलाया गया था। इस ऑपरेशन में कुल छह आतंकवादी मारे गए थे। इस अभियान को सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों के संयुक्त प्रयास से अंजाम दिया गया था।

### बीएसएफ के अलंकरण समारोह में बोले अमित शाह

# 100 किलोमीटर घुसकर पाकिस्तानी सेना को सिखाया सबक




**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दशकों से देश आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला। 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। जब पुलवामा हमला हुआ, तो भारतीय सेना ने हवाई हमले के जरिए कड़ा जवाब दिया।

जब यह तय हुआ कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं - बांग्लादेश और पाकिस्तान की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई और आपकी क्षमताओं को देखते हुए, आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसका उचित जवाब दिया जाएगा और आज यह जवाब स्पष्ट है। पूरी दुनिया अब हमारे सशस्त्र बलों और उनकी मारक क्षमताओं की प्रशंसा कर रही है।

# दिल्ली- एनसीआर में कोरोना ने दी दस्तक, गुरुग्राम में मिले 2 मरीज

## बढ़ते मामलों के बीच इस राज्य में एडवाइजरी जारी



**नई दिल्ली :** कोविड-19 महामारी का खतरा एक बार फिर से सिर उठाने लगा है। एशिया के कई देशों में कोरोना के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है और अब भारत में भी फिर से कोविड पॉजिटिव केस सामने आने लगे हैं। खासकर, दिल्ली से सटे गुरुग्राम, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई और गुजरात के अहमदाबाद में नए मामले सामने आए हैं।

गुरुग्राम के साइबर सिटी इलाके में कोरोना की दस्तक हो चुकी है। यहां दो नए केस रिपोर्ट हुए हैं, जिनमें से एक मरीज हाल ही में मुंबई से लौटी हैं। दोनों मरीजों को फिलहाल आइसोलेशन में रखा गया है। गुरुग्राम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दोनों मरीजों में माइल्ड सिम्टम्स हैं और घबराने की कोई बात नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है और संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक तैयारियां की जा चुकी हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि खांसी या जुखाम जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

मुंबई और ओडिशा के भुवनेश्वर से भी नए कोविड मामलों की पुष्टि हुई है। भुवनेश्वर में एक कंफर्म केस सामने आया है। ओडिशा के स्वास्थ्य विभाग की आयुक्त एवं सचिव अश्वथी एस. ने प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य पूरी तरह से तैयार है और स्थिति नियंत्रण में है।

गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार तक कोरोना के 4 नए केस दर्ज किए गए, जिनमें एक 84 वर्षीय मरीज को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि बाकी तीन मरीज होम आइसोलेशन में हैं। मई महीने में अकेले अहमदाबाद में अब तक 38 कोरोना मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें 31 केस अभी भी ऐक्टिव हैं। नगर निगम की ओर से संचालित अस्पतालों में कोविड टेस्टिंग जारी है । विशेषज्ञों के अनुसार, कोरोना मामलों में इस बढ़ोतरी के पीछे ओमिक्रॉन का नया जेएन.1 वेरिएंट है, जो बेहद तेजी से फैलता है और दुनियाभर में इसके प्रभाव देखे जा रहे हैं।

आंध्र प्रदेश सरकार ने कोविड की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को सख्ती से घर में रहने की सलाह दी गई है। साथ ही सभी धार्मिक, सामाजिक और सार्वजनिक आयोजनों से बचने की अपील की गई है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और एयरपोर्ट जैसी जगहों पर कोविड गाइडलाइंस का पालन करना अनिवार्य किया गया है।

# दहेज हत्या के दोषी पति को आठ साल सश्रम कारावास

## दहेज में मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर की पत्नी की हत्या

**दुमकाः** जिले की एक अदालत ने दहेज हत्या के मामले में दोषी पति को आठ साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दुमका के द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में तालझारी थाना कांड संख्या 63/2019 में गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से लोक अभियोजक चम्पा कुमारी और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने मामले में तालझारी थाना क्षेत्र निवासी दोष सिद्ध आरोपी उमेश सिंह को भारतीय दंड विधान की धारा 304 (बी) के तहत आठ साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

**दहेज में मोटरसाइकिल लाने के लिए प्रताड़ति करता था पति :** लोक अभियोजक चम्पा कुमारी से मिली जानकारी के मुताबिक, देवघर जिले के रहने वाली महिला के पिता भागीरथ सिंह के लिखित बयान पर भारतीय दंड विधान की धारा 304 (बी) के तहत तालझारी थाना में कांड संख्या 63/2019 दर्ज की गयी



थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, सूचक द्वारा अपनी पुत्री राखी कुमारी की कई साल पूर्व अपने सामर्थ्य के अधिक दान-दहेज देकर दुमका जिले के तालझारी थाना क्षेत्र निवासी उमेश के साथ पूरे धूमधाम से की थी। शादी के बाद उसकी पुत्री अपनी ससुराल में रहने लगी। ससुराल में कुछ दिनों तक ठीक-ठाक रहने के बाद दहेज लोभी पति उमेश सिंह मायके से मोटरसाइकिल लाने के लिए राखी को प्रताड़ति करने लगा। लेकिन राखी असमर्थता जताती रही। इसी बीच 18 अगस्त 2019 को पति ने उसकी हत्या कर दी। पुत्री की अचानक मृत्यु की सूचना मिलते ही सूचक भागीरथ सिंह अपने परिवार के अन्य परिजनों के साथ पुत्री की ससुराल तालझारी आया तो अपनी पुत्री को मृत पाया।

### गैंगरेप के 7 आरोपियों को कोर्ट ने दी जमानत, बलात्कारियों ने शहर की सड़कों पर निकाला विजय जुलूस, पूरे जिले में आक्रोश

**नई दिल्लीः** कर्नाटक के बहुचर्चित हावेरी गैंगरेप केस में आरोपियों को जमानत मिलते ही ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने कानून और समाज दोनों को शर्मसार कर दिया। आरोपियों को जेल से रिहा होते ही फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया गया और शहर की सड़कों पर बकायदा एक जुलूस निकाला गया।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियोः** हावेरी की सब-जेल से अक्की अलूर कस्बे तक निकले इस रोड शो में पांच गाड़ियों का काफिला और 20 से ज्यादा समर्थक शामिल थे। इस दौरान अफताब चंदनाकट्टी, मदर साब मंडक्की, सामिवुल्ला लालनावर, मोहम्मद सादिक, शोएब मुल्ला, तौसीफ चोटी और रियाज सविकेरी झ्र इन सातों मुख्य आरोपियों ने नगर के मुख्य रास्तों से खुलेआम जुलूस निकाला।

### तूफान में फंसे विमान की मदद करने से भी पीछे हटा पाकिस्तान

# डीजीसीए के बयान से फिर उजागर हुए नापाक इरादे

## 220 लोगों की जिंदगियां लेकर तूफान में फंसा था विमान, निर्दयी पाकिस्तान ने अपने एयर स्पेस घुसने नहीं दिया, और भारत से मांगता है पानी..

**नई दिल्लीः** श्रीनगर में इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग के बारे में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बयान जारी कर पूरे वाकये की जानकारी दी है। विमानन नियामक ने बताया है कि 21 मई 2025 को, इंडिगो अ321 नियो विमान वीटी-आईएमडी ने उड़ान संख्या 6ए-2142 दिल्ली से श्रीनगर के बीच संचालित की गई। एफएल 360 पर उड़ान भरते समय, विमान पठानकोट के पास ओलावृष्टि और गंभीर टबुर्लेंस के क्षेत्र में प्रवेश कर गया।

खराब मौसम के कारण विमान ने वायुसेना से कही थी यह बातः चालक दल के बयान के अनुसार, उन्होंने मार्ग पर खराब मौसम के कारण भारतीय वायुसेना के उत्तरी नियंत्रण से अंतरराष्ट्रीय सीमा से बाईं ओर जाने की अनुमति मांगी। हालांकि उन्हें मंजूरी नहीं दी गई। बाद में चालक दल ने खराब मौसम से बचने के लिए लाहौर (पाकिस्तान) से उनके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए संपर्क किया। लेकिन उन्होंने भी मना कर दिया।

ओलावृष्टि के कारण गंभीर टबुर्लेंस के बीच फंसा विमानः चालक दल ने शुरू में लौटने की कोशिश की लेकिन जब वे



आंधी व बादल के करीब पहुंच गए तो, तो उन्होंने खराब मौसम में घुसने का फैसला किया। इसके बाद, उन्हें ओलावृष्टि और गंभीर टबुर्लेंस का सामना करना पड़ा। फिर अधिकतम परिचालन गति/अधिकतम परिचालन मैक (वीएमओ/एमएमओ) चेतावनियों से जुड़ी समस्या आने लगी। चालक दल ने श्रीनगर की ओर सबसे छोटे मार्ग से मौसम से बाहर निकलने की कोशिश की उसी दौरान ऑटोपायलट ट्रिप हो गया और विमान की गति में बहुत अधिक बदलाव दिखा। इस अवधि के दौरान विमान की गति 8500 एफपीएम तक पहुंच गई।

**विमान को नियंत्रित करने में चालक दल को करनी पड़ी मशक्कतः** डीजीसीए के अनुसार, चालक दल ने विमान को तब तक मैन्युअल रूप से उड़ाया जब तक कि वे ओलावृष्टि से बाहर नहीं निकल गए। सभी चेक लिस्ट का पालन (ईसीएएम क्रियाएं) करने के बाद, चालक दल ने श्रीनगर एटीसी को पैन पैन घोषित किया और रडार वेक्टर के लिए अनुरोध किया। इसके बाद ऑटो थ्रस्ट के सामान्य रूप से संचालन के साथ सुरक्षित लैंडिंग की गई। विमान में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। उड़ान के बाद जायजा लेने पता चला कि विमान के नोज रेडोम (अगले हिस्से) को नुकसान पहुंचा है। डीजीसीए ने बताया है कि इस मामले की जांच नियामक की ओर से की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बालू लदा गाड़ी पलटा



**मुरी :** आज सिल्ली मिजरा के टर्निंग प्वाइंट के पास बालू गाड़ी (जेएच01डी/8404) पलटकर गिर गया। बालु कुछ उठाया गया और कुछ छोड़ दिया गया। टर्निंग प्वाइंट काफी खतरनाक है पुलिया पर बना हुआ है गडवाल भी नहीं है।एक साथ दो बड़ी गाड़ी पार नहीं हो सकती है।एक बड़ी और एक छोटी बहुत मुश्किल से पार होती है। पहले भी कई बार यहां पर दुर्धटना हों चुकी है। कोई भी नेता या प्रशासन को ध्यान नहीं है। वे भी इसी रास्ते से आते जाते हैं।

### सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न




**रांची :** सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के नये भवन के दूसरे तल पर अवस्थित सभागार में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (कल्याण) रेखा पांडेय, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (मानव संसाधन) श्री मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है । उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा की हमें अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिन्दी में ही करना चाहिए। महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। श्री दिविक दिवेश, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया। बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई।

### सीसीएल की स्थापना के 40 साल बीत गये, लेकिन गांवों का विकास नहीं हुआ: बालेश्वर गंझु



**खलारी:** चुरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार को ग्रामीणों ने गुरुवार को पत्र के माध्यम से अवगत कराये कि सीसीएल के 40 साल बीत गया लेकिन कई गाँव आज भी बिजली, पानी और मार्ग से वंचित हैं ! ग्रामीणों को काफी कठिनायों का समना करना पड़ता हैं । कुंआ तलाब का पानी का लेयर इतना निचे चला गया हैं की हमेशा पानी का समस्या रहता हैं जिसके कारण कितने मवेशी पानी के कारण मृतक होते जा रहे हैं और हमलोग गाँव में ना सही ढंग से खेती कर पाते हैं ! ज्ञापन देने में बालेश्वर गंझू , नरेश गंझू , सुरेश गंझू , मनोज कुमार , आनंद गंझू , पिंटू गंझू , सुनील गंझू , भीम गंझू , राजेन्दर गंझू , राजकुमार गंझू , जगदीश गंझू , अनिल , बासुदेव , रवि , विजय , सुमित , मनीष ,तुलसी ,सिकेन्द्र , कर्मा , मोहित , बैजनाथ , संकर , फुलचंदन ओर अन्य लोग उपस्थित थे ।

### कॉलेज के सामने अड्डेबाजी पड़ा महंगा, पहुंचे थाना

चतराः चतरा कॉलेज के सामने बेवजह अड्डे बाजी करना आधा दर्जन युवकों को मंहगा पड़ा। गुरुवार की दोपहर सदर थाना पुलिस कॉलेज के सामने से आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लेकर थाना ले आई। हालांकि शाम को अभिभावकों को बुलाकर पीआर बॉड लिखाकर युवकों को छोड़ दिया गया। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि चतरा कॉलेज के सामने कॉलेज में ऐसे युवकों की टोली द्वारा अड्डेबाजी किया जा रहा है,जिन्हें न तो पढ़ाई लिखाई से मतलब है और न ही कॉलेज में नामांकन है। उक्त सूचना पर गुरुवार की दोपहर सदर थाना की एक टीम चतरा कॉलेज गेट के पास पहुंची और वहां बैठे युवकों से कॉलेज का आईडी कार्ड मांगा। जिनके पास कॉलेज का आईडी कार्ड नहीं पाया गया, उन्हें पूछताछ के लिए सदर थाना लाया गया। उन्होंने कहा कि आगे से कॉलेज के सामने अड्डेबाजी नहीं करने की हिदायत देते हुए युवकों को उनके अभिभावकों को बुलाकर सौंप दिया गया है।

### गाय चोरी करने के आरोपी को भेजा गया जेल

**चतराः** शहर व आसपास के इलाकों से गाय व लवारिश अन्य मवेशियों की चोरी की घटना में इजाफा हुआ है। गौ तस्करी करने वाले चोर अंधेरे व सुनसान जगहों से गाय की चोरी कर इसे बुचड़खाने में बेच रहे हैं। कुछ दिन पूर्व सदर थाना क्षेत्र के संघरी गांव से कमरुद्दीन मियां के घर के बाहर से दो बछिया की चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में कमरुद्दीन मियां ने शहर के शहादत चौक निवासी मो अख्तर, दर्जी मोहल्ला निवासी मो आसिन, मो फरहान व एजाज अंसारी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज एफआईआर में कमरुद्दीन ने बताया था कि उपरोक्त लोगों ने आधी रात को उसके घर के सामने से उसके दोनों बछिया की चोरी कर हजारीबाग में बेच दिया है। पुलिस ने मामले की जांच किया तो बछिया चोरी का मामला सही पाया गया। इसके बाद पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी मो अख्तर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दो दिन पूर्व भी स्कॉर्पियो से गाय चोरी का वीडियो हुआ था वायरलः दो दिन पूर्व ही शहर के गंदौरी मंदिर के पास से स्कॉर्पियो सवार चार चोरों के द्वारा एक गाय की चोरी करते विडियो वायरल हुआ है। गाय चोरी की यह घटना वहां एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाय चोरी में संलिप्त तस्करों की तलाश में जुटी है। हांलाकि अब तक गाय चोरी में संलिप्त अपराधियों की पहचान नहीं हो पाई है।

# कैबिनेट की बैठक : यूनिवर्सिटी बिल समेत 10 अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने गुरुवार को एक बार फिर कैबिनेट की बैठक आयोजित की, जिसमें राज्य की शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक पारदर्शिता और जल संसाधन प्रबंधन से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 10 प्रस्तावों पर सहमति बनी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण 'झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी बिल' का प्रस्ताव था, जो राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।



झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी बिल शिक्षा क्षेत्र में नया अध्यायः राज्य सरकार द्वारा लाया गया 'झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी बिल' झारखंड के विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। बिल के अनुसार, अब विश्वविद्यालयों में कुलपति और प्रतिकुलपति की नियुक्ति पांच वर्षों की अवधि के लिए की जाएगी। इसके साथ ही, इन पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष निर्धारित की गई है। यानी कार्यकाल या उम्र जो भी पहले पूरा होगा, उसी के आधार पर नियुक्ति की अवधि समाप्त मानी जाएगी। सरकार का मानना है कि यह बदलाव न केवल उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता को मजबूती देगा, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार लाएगा। अब तक राज्य में शिक्षा संबंधी कई व्यवस्थाएं बिहार के पुराने कानूनों पर आधारित थीं। झारखंड के गठन के करीब 25 वर्षों बाद यह अधिनियम राज्य की स्थानीय आवश्यकताओं और शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया गया है।

कॉपी-किताबें और मैगजीन मुफ्त, शिक्षा को मिलेगा बढ़ावाः बैठक में लिए गए अन्य निर्णयों में शिक्षा को लेकर एक और बड़ा फैसला लिया गया। राज्य के गैर सरकारी सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों, मदरसों और संस्कृत विद्यालयों में कक्षा नौ से 10 तक के सभी छात्र-छात्राओं को कॉपी-किताबें और पाठ्यक्रम से जुड़ी पुस्तकें मुफ्त में दी जाएंगी। साथ ही, सरकारी विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक के लिए साइंस मैगजीन और कक्षा 11-12 के लिए कंपीटिव मैगजीन की छपाई और वितरण को भी स्वीकृति दी गई है। यह कदम विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

झारखंड जल संसाधन आयोग का गठनः राज्य में जल प्रबंधन की दिशा में एक और बड़ा फैसला लेते हुए कैबिनेट ने झारखंड राज्य जल संसाधन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। आयोग रिवर बेसिन क्षेत्रों में जल की उपलब्धता, उसके बहुआयामी उपयोग, विकास और कुशल प्रबंधन के लिए रणनीति तैयार करेगा। यह झारखंड में जल संकट को दूर करने और सतत विकास की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।

### इन प्रस्तावों को प्रदान की गई स्वीकृति

1- राज्य में गैर सरकारी सहायता प्राप्त विश्वविद्यालय, मदरसा और संस्कृत विश्वविद्यालयों में कक्षा नौ से लेकर 10वीं के सभी छात्र-छात्राओं को कॉपी किताब, पाठ्यक्रम में मौजूद किताबों का वितरण मुफ्त में किया जाएगा।

2- राज्य के सरकारी विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 के लिए साइंस मैगजीन और कक्षा-11 से 12 के लिए कंपीटिव के मुद्रण एवं वितरण की स्वीकृति दी गई।

3- झारखंड राज्य के समेकित विकास के लिए राज्य में स्थित रिवर बेसिनों में जल की अद्यतन उपलब्धता, विकास, इसके बहुआयामी उपयोग तथा कुशल प्रबंधन के लिए प्रथम झारखंड राज्य जल संसाधन आयोग के गठन प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई।

4- राजीव रंजन चौबे, निम्न वर्गीय लिपिक, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, बुण्डू, रांची एवं अफजल हसनैन हक्की, निम्नवर्गीय लिपिक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, रांची की सेवा क्षेत्रीय संवर्ग से झारखंड सचिवालय लिपिकीय सेवा संवर्ग में परिवर्तित करते हुए निम्न वर्गीय लिपिक सम्प्रति कनीय सचिवालय सहायक के पद के खिलाफ समायोजन करने की स्वीकृति दी गई।

अन्य प्रशासनिक फैसलेः कैबिनेट ने इसके अलावा न्यायिक, वित्तीय और प्रशासनिक स्तर पर कई फैसलों को मंजूरी दी। इनमें न्यायिक सेवा नियमावली के अंतर्गत जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति, राजकोषीय गबन की वसूली, वित्तीय लेखा परीक्षा रिपोर्टों को विधानसभा में प्रस्तुत करने और सेवा नियमों के अंतर्गत लंबित मामलों को निपटाने जैसे विषय शामिल रहे। साथ ही राज्य के सचिवालय लिपिकीय सेवा संवर्ग में दो लिपिकों का समायोजन भी किया गया।झारखंड मैनपावर आउटसोर्सिंग मैनुअल 2025 को मंजूरीः राज्य में मानव संसाधन प्रबंधन को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए झारखंड मैन पावर 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई है। इससे राज्य में आउटसोर्सिंग के जरिए कर्मचारियों की बहाली की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी होने की उम्मीद है।

# सिमरिया एलेवन की टीम बनी कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता

### नगवां रॉक्स की टीम बनी उप विजेता

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में बाबा घाट मैदान में चल रहे कैनवस नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सिमरिया एलेवन बनाम नगवां रॉक्स टीम के बीच खेला गया। नगवां रॉक्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले खेलते हुए टीम ने निर्धारित 10 ओवर में मात्र 85 रन ही बना पाई। टीम की ओर से नेपाली ने 19, विमल ने 12 व मिथलेश ने 12 रनों की पारी खेली। सिमरिया एलेवन की ओर से बेहतर गेंदबाजी करते हुए मुकेश व संदीप ने तीन तीन विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी सिमरिया एलेवन की टीम मात्र 6.2 ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त करते हुए आठ विकेट से मैच जीत लिया। टीम की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए सोनू ने 21 गेंदों पर 54 रनों की नाबाद पारी खेली। बेहतर प्रदर्शन के लिए सोनू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इधर दूसरी ओर पूरे टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए संजय सिंह को मैन ऑफ द सिरिज, बेस्ट बॉलर के लिए चंदन यादव, बेस्ट बैटर के लिए कुकू कुमार को पुरुस्कृत किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका हनी कुमार व कृष्णा पासवान ने निभाई। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज सहाय ने विजेता व उप विजेता टीमों को शिल्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के आयोजन में टूर्नामेंट के अध्यक्ष छोटू यादव, सचिव आशुतोष भारती, कोषाध्यक्ष सरोज सिंहा, संरक्षक नौशाद आलम, सदस्य संजय कुमार सिंह, कुश दुबे, चंदन यादव, मिथिलेश राय, सुजीत कुमार, ओमकुमार, सुमन कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में तीन दिवसीय वॉलीबॉल ट्रेनिंग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** जिला वॉलीबॉल और ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाव धान में आर्ट ऑफ गिविंग के सहयोग से, सदर प्रखंड स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित तीन दिवसीय वॉलीबॉल ट्रेनिंग शिविर गुरुवार को दूसरे दिन उत्साहपूर्ण रहा। शिविर का आयोजन ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार सिंह की देखरेख में किया जा रहा है।सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य सतीश कुमार ने कहा, यह ट्रेनिंग शिविर न केवल वॉलीबॉल की तकनीकी बारीकियों को सिखाने में मदद कर रहा है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित कर रहा है। आर्ट ऑफ गिविंग के सहयोग से यह आयोजन और भी प्रभावी हो रहा है। कोच मो. साहबान ने बताया कि दूसरे दिन के सत्र में प्रतिभागियों को सर्व, ब्लॉक, स्मैश और डिफेंस जैसी तकनीकों के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस और खेल रणनीतियों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा को निखारा।आर्ट ऑफ गिविंग के सहयोग से इस शिविर को और अधिक समावेशी बनाया गया है, जिससे अधिक से अधिक स्थानीय युवा और स्कूली छात्र इस अवसर का लाभ उठा सकें। यह संगठन सामुदायिक विकास और युवा सशक्तिकरण के लिए अपने योगदान के लिए जाना जाता है। शिविर के अंतिम दिन कल प्रदर्शनी मैच और प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें प्रशिक्षित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चतरा जिला वॉलीबॉल और ओलंपिक एसोसिएशन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आर्ट ऑफ गिविंग, स्कूल प्रबंधन, कोच और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह शिविर जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# हंटरगंज प्लस टू उच्च विद्यालय के एचएम ने संभाला पदभार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** हंटरगंज प्रखण्ड के प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज प्रधानाध्यापक का पदभार वरीय शिक्षक अनुप कुमार ने संभाला है। बताते चले की जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेशानुसार अनुप कुमार ने बुधवार को विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक उमेश कुमार से पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान उमेश ने पूरे विद्यालय शिक्षको एवं कर्मियों के समक्ष अनुप को पदभार पत्र सौंपा । पूर्व प्रधानाध्यापक उमेश ने बताया कि अनुप कुमार कुशल नेतृत्व कर्ता हैं।उनके नेतृत्व में विद्यालय अपनी गरिमा को प्राप्त करेगा। उन्होंने अपने कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी शिक्षको को आभार जताया और भविष्य के लिए अनुप को अपना शुभकामनाएं प्रेषित की। नए प्रधानाध्यापक अनुप कुमार ने बताया कि एक प्रधानाध्यापक के तौर पर उनका मुख्य उद्देश्य विद्यालय का चहुंमुखी विकास करना है। उन्होंने आगे बताया कि मेरे पिता जी और दादा जी इसी विद्यालय के विधार्थी रहें हैं। उन्होंने आगे कहा जब तक इस दायित्व के लिए अधिकृत रहूंगा तब तक सदैव विधार्थी हित, विद्यालय हित, शिक्षको को हित में कार्य करूंगा। विद्यालय में सुचारु ढंग से गुणवतापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मैं अपने विद्यालय के सहकर्मी को टीम के रुप में मानता हूं और टीम के प्रयास विद्यालय का पहचान राज्य स्तर तक बनाऊंगा। ग्रीष्म अवकाश के बाद एक बैठक कर योजना बनाई जाएगी।

# 4.35 किलो अफीम के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी और नकदी जब्त

**चतराः** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के नवाडीह-पथलगड्डा रोड पर अवैध अफीम की खरीद-बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान चार तस्करों को 4 किलो 350 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से एक स्कूटी, एक मोबाइल फोन और 38,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार तस्करों की पहचान विश्वनाथ दांगी पिता सुनील दांगी, उंटा, सदर थाना, चतरा, मो. इसराइल अंसारी पिता अब्दुल सलामत अंसारी, ग्राम बरटा, गिद्धौर थाना, प्रेम कुमार दांगी पिता शंभू दांगी,ग्राम उंटा, सदर थाना और सनोज कुमार पिता महेंद्र दांगी पत्थलगड्डा थाना के रूप में हुई है।पत्थलगड्डा थाना में सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले में अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और समाज को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 लाख रुपये बताई जा रही है।



### अवैध बालू खनन पर चला पुलिस का डंडा, बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त

**चतरा :** अवैध बालू खनन के खिलाफ वशिष्ठ नगर जोरी थाना पुलिस ने गुरुवार को सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त किया। वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार को सुचना मिली थी कि बालू तस्करों के द्वारा ट्रैक्टर से अवैध बालू चतरा ले जाया जा रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस जवानो ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरा ले जाए जा रहे अवैध बालू ट्रैक्टर को जोरी काली मंदिर के समीप छापेमारी कर पकड़ा।पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन में लगे बालू माफियाओं के बीच अफरातफरी मच गयी।इधर पुलिस के द्वारा जब्त पांचों ट्रैक्टरो को थाना लाया गया। थाना प्रभारी ने अंचलाल अधिकारी और खनन विभाग को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## राजद के सांगठनिक चुनाव के पहले ही हो गया विवाद

# कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने चुनाव कराने के लिए जारी की निर्वाची पदाधिकारियों की सूची

### जिला निर्वाची पदाधिकारी ने जिला अध्यक्ष द्वारा जारी सूची को किया निरस्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** झारखंड में राजद का सांगठनिक चुनावी प्रक्रिया चल रही है। चतरा जिले में भी संगठन के चुनाव को लेकर आवश्यक कार्यवाही चल रही है। इस बीच चुनाव से पहले चतरा मे विवाद शुरू हो गया है। दो दिन पूर्व चतरा राजद के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव के द्वारा जिले में संगठन का चुनाव कराने के लिए जिले के सभी प्रखंडों के लिए प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किया गया है।

कार्यवाहक जिला अध्यक्ष के द्वारा बनाए गए निर्वाची व सहायक निवार्ची पदाधिकारीः नवल किशोर यादव ने कुंदा प्रखंड के लिए बासुदेव यादव को निर्वाची पदाधिकारी व जगदीश दांगी को सहायक निर्वाची पदाधिकारी, प्रतापपुर प्रखंड के लिए चन्द्रदेव यादव को निवार्ची पदाधिकारी व

देवलाल यादव को सहायक निवार्ची पदाधिकारी, हंटरगंज प्रखंड के लिए अतीक मंसूरी को निवार्ची पदाधिकारी व भोली साहू को सहायक निवार्ची पदाधिकारी, कान्हाचट्टी प्रखंड के लिए हारून रशीद को निवार्ची पदाधिकारी व उपेंद्र यादव को सहायक निवार्ची पदाधिकारी, चतरा ग्रामीण के लिए छठु सिंह भोगता को निवार्ची पदाधिकारी व शिवनंदन प्रजापति को सहायक निवार्ची पदाधिकारी, चतरा नगर के लिए अब्दुल्लाह अंसारी को निवार्ची पदाधिकारी व जगदीश गंझू को सहायक निर्वाची पदाधिकारी, लावालौंग प्रखंड के लिए दिलीप यादव को निर्वाची पदाधिकारी व ब्राह्मदेव सिंह भोगता को सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सिमरिया प्रखंड के लिए सुभाष यादव को निवार्ची पदाधिकारी व जियाउल्हक अंसारी को सहायक निवार्ची पदाधिकारी, टंडवा प्रखंड के लिए शारदा देवी को निवार्ची पदाधिकारी व वीरेंद्र यादव को सहायक निर्वाची पदाधिकारी,




पत्थलगड़ा प्रखंड के लिए विनोद पासवान को निर्वाची पदाधिकारी व राजू लाल वर्मा को सहायक निवार्ची पदाधिकारी, गिधौर प्रखंड के लिए पप्पू यादव को निवार्ची पदाधिकारी व रिंकू खान को सहायक निर्वाची पदाधिकारी, ईटखोरी प्रखंड के लिए अशोक दांगी को निर्वाची पदाधिकारी व योगेश यादव को सहायक निर्वाची पदाधिकारी, मयूरहंड प्रखंड के लिए प्रतिक प्रकाश अंगार को निवार्ची पदाधिकारी व सूर्यदेव यादव को सहायक निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला अध्यक्ष द्वारा जारी सूची को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरस्त : इधर दूसरी ओर जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोहर सिंह यादव एवं जिला सहायक निर्वाचन पदाधिकारी व्यास यादव ने संयुक्त रूप से पत्र जारी कर चतरा के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव के द्वारा जारी सूची को निरस्त करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने कहा है कि कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने किसके आदेश पर पार्टी कार्यकर्ताओ को गुमराह एवं चुनाव कार्य मे बाधा उतपन्न करने के लिए प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी एवं प्रखंड सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों की सूची जारी किया है। इस कृत के लिए जिला अध्यक्ष से यह स्पष्टीकरण पुछा गया है कि क्यूं नहीं आपके उपर अनुशासनहीनता की कार्यवाई की जाए। जिला अध्यक्ष को एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने आगामी 26 मई को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष यादव के चतरा स्थित आवास पर सुबह 10:00 बजे बैठक बुलाई है।

जिला निर्वाची पदाधिकारी से चर्चा के बाद ही तैयार की गई थी सूची : राजद के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने कहा कि जिला निर्वाची पदाधिकारी से चर्चा के बाद ही प्रखंडों में चुनाव के लिए निर्वाची पदाधिकारियों की सूची तैयार की गई थी। सूची जारी करने में थोड़ी चूक हो गई है। सूची जिला निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा ही जारी किया जाना था। चुनाव में जिला निर्वाची पदाधिकारी के सभी आदेश का पालन होगा। यदि जिला निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा उनके द्वारा जारी सूची को रद्द कर दिया गया है तो फिर से उनके नेतृत्व में सूची तैयार की जाएगी और उनके द्वारा ही जारी किया जाएगा।

### जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा

# डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 9 व इंटरव्यू 10 जून से, कार्यक्रम जारी

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने 11वीं और 13वीं संयुक्त सिविल सेवा मुख्य परीक्षा में सफल घोषित 864 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिसके तहत साक्षात्कार और दस्तावेजों के सत्यापन किया जाएगा।

आयोग के अनुसार, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 9 जून से 22 जून तक सुबह 10 बजे से आयोग कार्यालय में किया जाएगा। वहीं, इंटरव्यू 10 जून से शुरू होकर 23 जून तक चलेंगे। इंटरव्यू के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 9:30 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

इस दिन से कॉल लेटर करें डाउनलोड: जेपीएससी ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से पहले अपने कॉल लेटर डाउनलोड कर लें। कॉल लेटर 24 मई से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। जिन्हें रोल नंबर और जन्मतिथि के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।




हेल्पलाइन नंबर भी जारी: डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय अभ्यर्थियों को अपने सभी जरूरी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा। अगर किसी कारणवश कॉल लेटर डाउनलोड नहीं होता है तो अभ्यर्थी जेपीएससी के हेल्पलाइन नंबर 9431301419 और 9431301636 पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, वे 9 जून से पहले आयोग के काउंटर पर आवेदन देकर भी कॉल लेटर प्राप्त कर सकते हैं।

जरूरी दस्तावेज साथ लाएं अभ्यर्थी: इस चयन प्रक्रिया के अंतर्गत राज्य की सिविल सेवा में नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों का अंतिम चयन किया जाएगा। जेपीएससी ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निदेशों का पालन करते हुए निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों।

# मुख्यमंत्री का आदिवासी छात्रों को तोहफा रांची में बनेगा 520 बिस्तरों वाला छात्रावास



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में आदिवासी छात्रों के लिए 520 बिस्तरों वाले एक बहुमंजिला छात्रावास की आधारशिला रखी। यह छात्रावास करमटोली आदिवासी महाविद्यालय परिसर में बनाया जा रहा है।

प्रत्येक जिले में खुलेगा एक पुस्तकालय: मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सरकार स्कूल और कॉलेज शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम कर रही है। सोरेन ने कहा, सरकार ने राज्य में कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया है। छात्रावास में रहने वालों को दिन में तीन बार पौष्टिक भोजन दिया जाएगा। साथ ही वहां रसोइये और चौकीदार भी तैनात किए जाएंगे।" उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रत्येक जिले में डॉ भीमराव आंबेडकर के नाम पर एक पुस्तकालय खोलने का भी निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, हम प्रतिस्पर्धा के युग में हैं। सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और कानून जैसे क्षेत्रों में पढ़ाई तक, हर स्तर पर छात्रों को सहायता प्रदान कर रही है।

# अनुराग गुप्ता के अबतक डीजीपी बने रहने पर बाबूलाल ने उठाए सवाल



**रांची:** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता से डर लगने लगा है। ऐसा क्यों हो रहा है इसको लेकर उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता गैर कानूनी रूप से काम कर रहे हैं। इस तरह के डीजीपी किसी की हत्या कर दें तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी? उन्हें सस्पेंशन का डर नहीं है क्योंकि उनकी सर्विस समाप्त हो चुकी है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुझे खुद डर है कि वह कब और किससे हमला करवा दें। इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा यह मुख्यमंत्री को बताना चाहिए। कोई लीगल नहीं है, उसके बावजूद वह डीजीपी के पद पर काम कर रहे हैं, यह आश्चर्य की बात है। भारत के किसी भी राज्य में ऐसी स्थिति नहीं है।

ज्ञात हो कि 30 अप्रैल को डीजीपी अनुराग गुप्ता का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से ही भाजपा लगातार उनके पद पर बने रहने को लेकर सवाल उठा रही है। इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय डीजीपी अनुराग गुप्ता का कार्यकाल बढ़ाने की राज्य सरकार की अनुशंसा को ठुकरा चुका है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में संवैधानिक रूप से गठित विभिन्न आयोगों की खस्ता हालत के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में लोकायुक्त जो भ्रष्टाचार जैसे मामलों की जांच करता है, वह कई वर्षों से खाली है। इसी तरह से सूचना आयोग का भी हाल है। राज्य में सूचना आयुक्त नहीं होने के कारण लोगों को सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ता संरक्षण आयोग काभी यही हाल है। कई जिलों में न तो अध्यक्ष है और न ही सदस्य, जिसके कारण जनता को काफी परेशानी हो रही है।

श्री मरांडी ने कहा कि सरकार विपक्ष का नेता नहीं होने का बहाना बनाकर कई बार न्यायालय में हलफनामा दाखिल करती रही है। अब राज्य में विपक्ष का नेता है, इसके बावजूद सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। महिला आयोग में नियुक्ति के लिए विपक्ष के नेता की जरूरत नहीं थी। इसके बावजूद सरकार ने वहां नियुक्ति नहीं की और इस आयोग की हालत खस्ता कर दी। इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि जब ये संवैधानिक संस्थाएं क्रियाशील हो जाएंगी तो सरकार की कार्यप्रणाली उजागर हो जाएगी और लोगों को पता चल जाएगा कि राज्य में किस तरह की शासन व्यवस्था काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से सभी आयोगों में रिक्त पदों को तत्काल भरने की मांग की है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में छात्रवृत्ति को लेकर छात्रों का हंगामा




**संवाददाता**

**रांची:** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में छात्रवृत्ति को लेकर छात्रों में भारी नाराजगी देखने को मिली। दरअसल छात्रवृत्ति के आवेदन में रेगुलर कोर्स की जगह रेगुलर मोड लिखा गया है, जिसकी वजह से एमबीए, बीबीए, एमसीए समेत कई प्रोफेशनल कोर्सों के करीब 2500 छात्रों की स्कॉलरशिप अटक गई है। जिसके बाद छात्रों ने स्कॉलरशिप के लिए प्रदर्शन किया।

नाराज छात्रों ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में ताला जड़ दिया और धरने पर बैठ गए। प्रॉक्टर और रजिस्ट्रार के समझाने के बावजूद, छात्र नहीं माने। आजसू छात्र संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो के नेतृत्व में छात्रों ने डीएसडब्ल्यू को बुलाने की मांग की। समझाने पर शांत हुए छात्र: करीब तीन घंटे बाद डीएसडब्ल्यू डॉ सर्वोत्तम कुमार मौके पर पहुंचे और छात्रों के साथ पैदल ही कल्याण विभाग के कार्यालय जाकर अधिकारियों से बात की। इसके बाद तालाबंदी खत्म हुई। इस दौरान कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य भी कैंपस पहुंचे और एक स्टाफ को कल्याण विभाग भेजा गया। कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया कि आवेदन में रेगुलर कोर्स लिखना अनिवार्य है। डीएसडब्ल्यू ने जवाब में कहा कि विश्वविद्यालय में सभी प्रोफेशनल कोर्स भी रेगुलर हैं और लाभ के लिए कोई कोर्स नहीं चलाया जा रहा है। इधर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के बाद रांची यूनिवर्सिटी में भी दो नए सीनेट सदस्यों की नियुक्ति की गई है। राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा डॉ धर्मराज कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता सत्यदेव मुंडा को सीनेट सदस्य बनाया गया है। डॉ धर्मराज, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के एमसीए विभाग में शिक्षक हैं जबकि सत्यदेव मुंडा समाज सेवा से जुड़े हुए हैं।

# "बांग्लादेशी घुसपैठ से बदल रही राज्य की जनसांख्यिकी": बाबूलाल मरांडी

**रांची/जमशेदपुर:** विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य में बड़े पैमाने पर 'बांग्लादेशी घुसपैठ' जारी है, जिससे जनसांख्यिकी बदल रही है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर राज्य में बांग्लादेशियों की घुसपैठ को रोकने के लिए कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार इस तथ्य को स्वीकार करने को तैयार नहीं है और इस संबंध में कोई कदम नहीं उठा रही है, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री ने हाल ही में राज्य सरकारों को हमारी भूमि पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की जांच करने और उन्हें वापस भेजने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया था।

बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए न केवल हमारी जमीन पर दाखिल हो रहे हैं, बल्कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर मंईयां सम्मान योजना समेत राज्य सरकार के सभी लाभ भी ले रहे हैं। मरांडी ने दावा किया कि झारखंड में 1951 और 2011 के बीच आदिवासियों एवं सनातनी हिंदुओं की संख्या घट गयी है। उन्होंने दावा किया कि 1951 की जनगणना में आदिवासी और सनातनी की जनसंख्या 35.38 प्रतिशत और 87.79 प्रतिशत दर्ज की गई थी, लेकिन 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा घटकर क्रमश 26.20 प्रतिशत और 81.70 प्रतिशत रह गयी है जबकि मुसलमानों की जनसंख्या 1951 की जनगणना के 8.9 से 2011 में बढ़कर 14.53 प्रतिशत हो गई है।

### आदिवासी संगठनों की बैठक

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 26 मई को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय



**संवाददाता**

**रांची:** विभिन्न आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में पंडरा अखड़ा में पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में हेसल, बजरा, पंडरा, दहीसूत बनहोरा, हेहल, कमड़े, कटरगोंदा, चटकपुर इत्यादि गांवों के लोग शामिल हुए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 26 मई को राज्यभवन के समक्ष सरना धर्म कोड मांग को लेकर हजारो की संख्या में शामिल होगें।

पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि प्राकृतिक सरना धर्म विश्व धर्म है, लेकिन विडम्बना ये है कि आज तक उसे पहचान नही दी गई है, देश के सभी आदिवासी सरना धर्मावलंबियों से मांग है कि सरना धर्म कोड को जनगणना प्रपत्र में शामिल किया जाए, भारत के आदिवासियों को धार्मिक पहचान और आजादी मिलनी चाहिए। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि आदिवासी की पहचान मिटाने की साजिश हो रही है, देश के 18 करोड़ आदिवासियों को अभी तक अपनी पहचान से तक वंचित रखा गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से सुका उरांव, पूर्व मुखिया सुनिल तिर्की, पूर्व मुखिया संजय तिर्की, दिनेश उरांव, भोला तिर्की, लालू खलखो, बुधवा उरांव, एतवा उरांव व अन्य उपस्थित थे।

# 25 मई को रांची आयेंगे लोकसभा के सभापति ओम बिरला

**रांची:** लोकसभा के सभापति (स्पीकर) ओम बिरला रविवार, 25 मई को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेगें। इसके बाद वो सुबह 9:20 पर बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे।

इसके बाद 12:15 से दोपहर 2:00 बजे तक वे जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैंसी सभागार में सिंघभूम चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के पश्चात वे वापस दोपहर 3:15 बजे जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से रांची लौटेंगे।

रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डांगरटोली के स्वर्ण भूमि में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।


**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**



दिनांक–12.04.25 को कर्रा थाना अन्तर्गत ग्राम–मुरहू स्थित पाइक टोली के पास झोपड़ी से एक अज्ञात महिला उम्र करीब–25 वर्ष का शव पाया गया है। जिसका पहचान नहीं हो पाया है। इस संबंध में कर्रा थाना काण्ड सं0–32/25, दिनांक–12.04.25, धारा–103(1)/238 बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। जिसके पहचान/पता बताने वाले के लिए 20,000/– (बीस हजार रूपये) का पुरस्कार राशि घोषित किया गया है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त मृत अज्ञात महिला के बारे में पहचान/पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष न0 पर अविलंब सूचित करेंगें एवं सूचित करने वाले को 20,000/– (बीस हजार रूपये) से पुरस्कृत किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, कर्रा – 9122986556
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी – 8340655295

पुलिस अधीक्षक, खूँटी

PR 353172 Police(25-26)#D


# वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**संवाददाता**

**रांची:** पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई में भाग लेने वाले वीर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा की शुरूआत रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान, शहीद पार्क से निकलकर सैनिक चौक होते हुए कचहरी चौक, सुभाष चौक, शहीद चौक, परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक एवं चंद्रशेखर आजाद चौक में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का कचहरी चौक में, सुभाष चंद्र बोस चौक व परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर भव्य स्वागत किया गया। अल्बर्ट एक्का चौक में चडरी सरना समिति द्वारा तिरंगा यात्रा की अगुवाई कर रहे भाजपा नेता रमेश सिंह, एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राओं एवं रांची के गण्यमान्यों द्वारा फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा एवं संचालन मुख्य सलाहकार सह झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा ने किया। केन्द्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश के वीरों को सलाम करते हैं। हमें देश के सैनिकों पर गर्व है। प्रधान महासचिव सुरेन्द्र लिंडा ने कहा कि 21वीं सदी के दौर में भारतीय सैनिकों से टकराने के लिए अच्छे अच्छे देशों को सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। भारतीय सैनिकों पर आज देश नाज करता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेन्द्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, पूजा समिति अध्यक्ष सबलू मुंडा, बादल लिंडा, भोला केसरी, विक्की सोनी, नीरज गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।






**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–23/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 29.05.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.05.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.05.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day to Day Maintenance in Information and Public Relation Department at Suchna Bhawan Ranchi | 4474400 | 89500 | 5000 | 12 Months |
| 2 | Day to Day Maintenance in Commissioner Office at Kutchary Ranchi | 2344800 | 46900 | 5000 | 12 Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 353243 Building(25-26).D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## अंतिम चरण में माओवाद

**छत्तीसगढ़** के बस्तर में सुरक्षाबलों ने सत्ताइस माओवादियों को मार गिराया। पुलिस के अनुसार ये माओवादी बस्तर के नारायणपुरङ्क बीजापुर और दंतेवाड़ जिलों की सीमा पर हुई मुठभेड़. में मारे गए। इसमें एक जवान शहीद हुआ जबकि कई अन्य घायल हैं। पिछले कई दिनों से जारी अभियान के दौरान कई वरिष्ठ स्तर के माओवादी कैड़र मारे गए, जिनमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का महासचिव बसवराजू भी मारा गया। हालांकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया। नस्लवाद की लड़ाई में एतिहासिक उपलब्धि। एक ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मारा है। जिनमें बसवराजू भी शामिल है।' शाह ने एजेंसियों की तारीफ करते हुए 54 नक्सलियों के गिरफ्तारी की बात भी की,परंतु विशेषज्ञों का दावा है इसे माओवाद के खात्में के रूप में देखना जल्दबाजी होगा। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ ,बिहार,तेलंगाना से लेकर महाराष्ट्र तक नक्सलियों का सफाया करने के लिए कमर कस चुकी है। बीते पंद्रह महीनों में माओवादियों के खिलाफ चल रहे सघन ऑपरेशन में चार सौ से ज्यादा संदिग्ध नक्सलियों के मारे जाने का भी दावा किया जा रहा है। इससे पहले सुरक्षा बलों ने दावा किया था कि माओवादियों के 214 बंकर व ठिकाने नष्ट किए जा चुके हैं। जहां से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया। दरअसल, मौजूदा वक्त में यह आंदोलन अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। राज्य सरकार द्वारा शांति वार्ता की बात बार-बार की जा रही है। मगर साथ ही सुरक्षा बलों के ऑपरेशन भी तेज कर दिए जाते हैं। इसी साल जनवरी में छत्तीसगढ़के बीजापुर में हुए विस्फोट में आठ सुरक्षाकर्मी व एक आम आदमी मारा गया था। सरकार की कड़ाई के चलते नक्सलियों का संगठन जरूर कमजोर पड़. रहा है। उनको मिलने वाली आर्थिक मदद भी चरमराई है मगर उनका ढांचा काफी मजबूत है। नौजवानों का नक्सलवाद के प्रति आकर्षण भी तेजी से कमजोर पड़ा है। अब उन्हें नई पीढ़ी के स्थानीय नौजवानों को प्रशिक्षण के लिए राजी करना मुश्किल होता जा रहा है। जो पढ़-लिखकर कर नौकरियां तलाशते हैं और अपने जीवन स्तर को सुधारने के प्रति सजग हो रहे हैं। सरकार अपनी पीठ भले थपथपा ले, मगर नक्सलवाद को जड़. से उखाड़ना इतना मामूली नहीं है, जिसे दो-चार ऑपरेशनों में निपटा दिया जाए।

## संघर्ष का पारंपरिक दायरा

**भारत** ने स्पष्ट किया है कि हालिया भारत- पाकिस्तान संघर्ष पारंपरिक दायरे में रहा जैसा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में ही रहा है और पाकिस्तान की ओर से परमाणु खतरे के संकेत नहीं थे। एक संसदीय समिति की बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यह बात स्पष्ट की। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में यह बैठक हुई। भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य कार्रवाईरोकने पर सहमत हुए थे। मिसरी ने बैठक में सरकार के इस रुख को दोहराया कि सैन्य कार्रवाई रोकने पर दो तरफ से सहमति बनी थी। गौरतलब है कि सैन्य रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप ने दावे किए थे कि उनकी पहल पर सैन्य कार्रवाई रोकी गई। बैठक में मिसरी ने सदस्यों की अनेक जिज्ञासाओं और सवालों को लेकर भ्रम की स्थिति को स्पष्ट किया। जैसे कि बताया कि संघर्ष के दौरान कभी भी किसी भी स्तर पर पाकिस्तान की तरफ से परमाणु खतरे के संकेत नहीं दिखे। स्पष्ट किया कि ट्रंप चाहे जो भी दावे करें, लेकिन भारत का रुख उनसे प्रभावित नहीं था। भारत के खिलाफ तुर्किए के प्रतिकूल रुख और संघर्ष के दौरान पाकिस्तान द्वारा चीन निर्मित हथियारों के कथित इस्तेमाल की बात सवालों पर भी मिसरी ने स्थिति साफ कर दी। कहा कि तुर्की पारंपरिक रूप से भारत का समर्थक नहीं रहा है। बेशक, दोनों देशों के बीच संघर्ष पारंपरिक रहा, लेकिन यकीन के साथ कहा जा सकता है कि आने वाले समय में न केवल भारतीय उपमहाद्वीप, बल्कि जहां कहीं भी युद्ध होंगे वे तकनीकों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों के बल पर होंगे। भारतझ्रपाकिस्तान के हालिया संघर्ष बेशक, पारंपरिक दायरे में रहा लेकिन इसने स्पष्ट कर दिया कि भारत नये लेवल के संघर्ष में भी कमतर नहीं रहने वाला। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष थम जाने के बाद से ही तमाम ऐसी खबरें आती रही हैं, जिनसे भ्रम की स्थिति बनी। कई बार तो ऐसी भी लगा कि जैसे देश से कुछ छिपाया जा रहा है। लेकिन बैठक के बाद चीजें स्पष्ट हो चुकी हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' और बाद के घटनाक्रम से देश अवगत हुआ है।

# हर रणनीतिक मोर्चे पर भारत की निर्णायक सफलता

> युद्ध की ऐसी अनेक सच्चाई हैं, जिन पर सरकार,सेना की ओर से जन साधारण को तो बताया भी नहीं जाता,उसके खर्च का हम अंदाज भी नहीं लगा सकते। फिर,इससे भी बड़ा जो नुकसान होता, वह यह कि कुछ समय से अमेरिका-चीन के बीच चल रहे व्यापार युद्ध के कारण चीन में काम कर रही अनेक अमेरिकी व अन्य देशों की कंपनियां तेजी से चीन छोड़ रही हैं, जिनमें से अनेक इकाइयां भारत का रूख कर रही हैं। इस तरह से हमारे यहां विदेशी निवेश बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ रहा है। 1951-52 में जो विदेशी मुद्रा भंडार 1.82 अरब डॉलर था, वह फरवरी 2023 में 561 अरब डॉलर हो चुका है। युद्ध होने पर इसमें तेजी से कमी होती है, क्योंकि आकस्मिक सैन्य सामग्री खरीदने के लिये ताबड़तोड़ खर्च के फैसले करने पड़ते हैं।

**इन** दिनों भारत में सोशल मीडिया पर युद्ध समर्थक व विरोधियों के बीच जंग छिड़ी हुई है। मुद्दा यह है कि भारत ने पहलगाम के आतंकी हमले की प्रतिक्रिया स्वरूप पाकिस्तान के आतंकी अड्डों व चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर जो धुंआधार हमले किए थे, उन्हें कुछ दिन और जारी रखना था। लाहौर, इस्लामाबाद, कराची, बहावलपुर आदि शहरों पर भी प्रबल हमले कर पाकिस्तान को बरबादी की खाई में धकेल देना था। दरअसल, इस तरह के बहुत सारे तर्कों के तीर,भावनाओं की मिसाइलें दागी जा रही हैं जिसे सरकार-मोदी-भाजपा समर्थक आर्थिक उपलब्धियों के मिसाइलरोधी ड्रोन से तहस-नहस कर रही है। अब जबकि भावनाओं का ज्वार थम गया है, तब यह जानना आवश्यक है कि क्या वास्तव में भारत पूर्ण युद्ध चाहता था? क्या उसने पाकिस्तान को पर्याप्त सबक दे दिया है? क्या विश्व समुदाय भारत की सैन्य शक्ति को जान चुका है और आतंकियों को दिये जवाब का नैतिक समर्थन करता है?

यह दुनिया जब से बनी है, तब से ही शक्ति ही प्रमुख तत्व रही है। वह बाहुबल की हो, धन की हो, सत्ता की हो, बुद्धि की हो, सैन्य संसाधनों की हो, संख्या बल की हो। जो जितना बलवान, वह उतना धनवान। बल और धन दोनों का युक्ति से उपयोग करने से अनुकूल नतीजे प्राप्त होते हैं। युक्ति के लिए बुद्धि आवश्यक है। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं, जब आमने-सामने की लड़ाई में संख्या बल अधिक होने के बाद भी कम सैन्य शक्ति वाले को विजय मिली। वह होता है तात्कालिक रणनीति से, युक्ति से, विवेक से। केवल बाहुबल से युद्ध लड़े व जीते जाते तो किसी भी देश की सेना में भर्ती होने के लिये अखाड़े या जिम्नेशिय का पहलवान होना ही जरूरी होता।

अब ताजा भारत-पाकिस्तान युद्ध की बात करते हैं तो स्पष्ट कर दूं कि भारत की ओर से यह पाकिस्तान के साथ युद्ध तो था ही नहीं। यह पाक समर्थित आतंकवादियों के साथ लड़ाई थी। इसीलिए उनके ठिकानों को निशाना बनाया गया और जब पाकिस्तान ने उन्हें समर्थन देने के लिए अपनी सेना को सन्नद्ध किया, मोर्चा संभाला, एयर बेस तैयार किए, सेना को रवानगी डलवाई तो उसे सचेत करने के लिए भारत ने प्रतीकात्मक हमले किए। उनके हवाई मार्ग अवरुद्ध कर दिए और ये पर्याप्त कारगर रहे।

इधर, पांच दिन में ही पाकिस्तानी सरकार व सेना की समझ में आ गया कि यदि इस बार इसने पूर्णकालिक युद्ध की शक्ल ले ली तो कितान कबाड़ा होगा,अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। इसलिए, वह जिन-जिन आकाओं के सामने गिड़गिड़ा सकता था, गिड़गिड़ाया। मिन्नतें कीं। झोली फैलाई। भारत से भी बैठकर बात करने की पहल की, तब जाकर अर्ध विराम पर भारत सहमत हुआ। वह भी इस चेतावनी के साथ कि ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा। पाकिस्तान के साथ चर्चा होगी तो आतंकवाद और पीओके पर। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई होने तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।

इतनी बड़ी कूटनीतिक जीत प्रत्यक्ष युद्ध में मिलने वाली प्रचंड विजयश्री से भी कई गुना बड़ी है। उसकी वजह है विश्व समुदाय का हमारे साथ खड़े रहना। अनेक देशों ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमलों को उचित ठहराया। दुनिया ने देख लिया कि भारत ने इस बार ज्यादातर स्वदेशी हथियारों,तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर किस तरह से हमले किए व पाकिस्तान के हमलों को हवा में ही हवा-हवाई कर दिया। विश्व हतप्रभ रह गया। वैश्विक शक्तियां भी सोच नहीं पा रही थी कि हम अस्त्र-शस्त्र,तकनीक व उनके सफल उपयोग में इतने दक्ष हो चुके होंगे। मिलाइलें हमारी धरती पर गिरने से पहले नष्ट करना। सैकड़ों ड्रोन को हवा में खाक कर देना। अपने किसी फाइटर जेट या मिसाइल का अचूक रहना। यह दुनिया में भारत नाम की एक भव्य और दिव्य शक्ति के उदय का शंखनाद है। इसीलिये हमले रोकने का श्रेय लूटने का अंतरराष्ट्रीय खेल भी हुआ। 6 मई से अभी तक हजारों-लाखों वीडियो,लेख,संदेश प्रसारित होते रहे, जिसमें युद्ध जारी रखने और पाकिस्तान को नेस्तनाबूद कर देने जैसी बातें कही गईं। भावनात्मक रूप से प्रत्येक भारतीय इस पक्ष में रहेगा, लेकिन हमें युद्ध से होने वाले गंभीर,दूरगामी दुष्परिणामों, प्रभावों की अनदेखी नहीं करनी चाहिये। एक हफ्ते का पूर्ण युद्ध भी किसी भी राष्ट्र की अर्थ व्यवस्था को चौपट करने का सामर्थ्य रखता है। मौजूदा दौर में रूस व इजराइल इसके बड़े प्रमाण हैं। भले ही वे अपने कदम पीछे लेने को तैयार नहीं, लेकिन इसकी कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है, यह वे ही जानते हैं। यह संदेश काफी है कि वे अब चाहकर भी युद्ध बंद नहीं कर सकते, क्योंकि व्यक्ति हो या राष्ट्र, आत्म सम्मान के नाम पर तो कभी अहंकार के चलते हम घोर गलत कदम भी पीछे नहीं लेते। बरबाद तो फलस्तीन व यूक्रेन भी हो रहे हैं, लेकिन हार कौन मान रहा है? प्रत्येक भारतीय को यह अच्छी तरह से याद रखना चाहिये कि हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थ व्यवस्था बन चुके हैं और कभी-भी तीसरी शक्ति बन सकते हैं। अभी अमेरिका 30.507 लाख करोड़ डॉलर, चीन 19.231 लाख करोड़ डॉलर,जापान 4.91 लाख करोड़ डॉलर,जर्मनी 4.744 लाख करोड़ डॉलर और भारत 4.187 लाख करोड़ डॉलर अर्थ व्यवस्था वाले देश हैं।

भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत है, जो रिजर्व बैंक की अनुमानित दर 6.6 से थोड़ी कम है। हमारा लक्ष्य 2025 में 5 लाख करोड़ डॉलर वाली अर्थ व्यवस्था बनने का है। युद्ध हमारी गति को तेजी से कम कर देता। यह 2014 से भाजपा सरकार द्वारा अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ किये जा रहे प्रयासों पर पानी फेर सकता था, जिससे उबरने में फिर कितना समय लगता, निश्चित नहीं कहा जा सकता। 2015 में भारत 2.1 लाख करोड़ डॉलर की अर्थ व्यवस्था वाला देश था। दस वर्ष में इसमें सौ प्रतिशत वृद्धि करने वाला वह इकलौता देश है। इसलिये केवल भावनाओं में बहकर युद्ध के उन्माद में कूदना समझदारी,देश भक्ति,सैन्य मजबूती नहीं मानी जा सकती थी।

युद्ध किस तरह से खचीर्ला और व्यक्ति से राष्ट्र तक की कमर तोड़ने वाल होता, जरा समझिये। समूचा सैन्य बल सीमा पर ले जाने के लिये परिवहन के साधनों में लगने वाला अतिरिक्त ईंधन। जल,थल,वायु सेना के लाखों जवानों का प्रतिदिन का खर्च। युद्धक टैंक,मिसाइल,फाइटर जेट विमान,ड्रोन,युद्धक हेलिकॉप्टर,सैन्य ट्रक्स,जीप व अन्य वाहन,चिकित्सा खर्च। समुद्री सीमा को जल पोतों से पाट देना होता है। अभी करीब एक हफ्ते के लिए 650 यात्री विमान सेवा स्थगित की गई,उसका करोड़ों का नुकसान, जो लंबा युद्ध चलने पर अरबों रुपये होता। फिर युद्ध होने से महंगाई बढ़ती है, जो मुद्रा स्फीति बढ़ाती है, जिससे अर्थ व्यवस्था लड़खडाती,जीडीपी वृद्धि पर कम हो जाती। युद्ध की आशंका में व युद्ध होने पर लोगों में खाद्यान्न के संचय की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे बाजार में राशन की कृत्रिम कमी भी पैदा की जाती है।

# अहिल्याबाई होल्कर : आधुनिक युग में एक प्रेरणा

> अहिल्याबाई का जन्म  महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उस समय लड़कियों की शिक्षा दुर्लभ थी, लेकिन उनके पिता मानकोजी शिंदे ने उन्हें पढ़ना-लिखना और शास्त्रों का ज्ञान दिया। यह आज के संदर्भ में शिक्षा के महत्व और लैंगिक समानता की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण है। आज, जब भारत में  बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ  जैसे अभियान चल रहे हैं, अहिल्याबाई का बचपन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो। उनके जीवन की एक कहानी, जिसमें मल्हारराव होल्कर ने उनकी भक्ति और बुद्धिमत्ता देखकर उन्हें अपने पुत्र खंडेराव की दुल्हन चुना, यह दशार्ती है ।

**प्रतिभा कंवर**

**भारतीय** इतिहास की कुछ शख्सियतें ऐसी हैं जिनके आदर्श और कार्य आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने अपने युग में थे। महारानी अहिल्याबाई होल्कर (1725-1795) ऐसी ही एक शख्सियत हैं जिन्हें लोकमाता और न्याय की देवी के रूप में जाना जाता है। 18वीं शताब्दी में मालवा साम्राज्य की शासिका के रूप में उन्होंने न केवल अपने शासन को समृद्ध और सशक्त बनाया, बल्कि समाज सुधार, धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जो आज के भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। 2025 में उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर, उनके जीवन को आधुनिक परिप्रेक्ष्य से देखें और समझें कि उनकी शिक्षाएं आज कैसे लागू हो सकती हैं।

**प्रारंभिक जीवन :** शिक्षा और समावेशिता का सबक : अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उस समय लड़कियों की शिक्षा दुर्लभ थी, लेकिन उनके पिता मानकोजी शिंदे ने उन्हें पढ़ना-लिखना और शास्त्रों का ज्ञान दिया। यह आज के संदर्भ में शिक्षा के महत्व और लैंगिक समानता की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण है। आज, जब भारत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चल रहे हैं, अहिल्याबाई का बचपन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो। उनके जीवन की एक कहानी, जिसमें मल्हारराव होल्कर ने उनकी भक्ति और बुद्धिमत्ता देखकर उन्हें अपने पुत्र खंडेराव की दुल्हन चुना, यह दशार्ती है कि प्रतिभा और चरित्र किसी की सामाजिक स्थिति से बड़े होते हैं। आज के स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी युग में, जहां प्रतिभा को पहचान मिल रही है, अहिल्याबाई की कहानी हमें सिखाती है कि अवसर देने से समाज में बदलाव आ सकता है।

**व्यक्तिगत दुख और नेतृत्व :** संकट में दृढ़ता : अहिल्याबाई का जीवन व्यक्तिगत त्रासदियों से भरा था। उनके पति खंडेराव की 1754 में, ससुर मल्हारराव की 1766 में, और पुत्र मालेराव की 1767 में मृत्यु ने उन्हें गहरे दुख में डुबोया। फिर भी उन्होंने इन दुखों को अपनी ताकत बनाया। 1767 में, जब मालवा साम्राज्य में उत्तराधिकारी का संकट था, और कई सामंतों ने एक महिला के शासन का विरोध किया, तब अहिल्याबाई ने अपनी प्रशासनिक और सैन्य कुशलता से सबको चुप कर दिया। आज के समय में, जब लोग व्यक्तिगत और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, चाहे वह नौकरी का दबाव हो, आर्थिक संकट हो, या सामाजिक असमानताएं, अहिल्या बाई की यह दृढ़ता हमें सिखाती है कि विपत्तियों में भी नेतृत्व और हिम्मत के साथ आगे बढ़ा जा सकता है। उनकी कहानी उन महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो कॉरपोरेट बोर्डरूम से लेकर ग्रामीण पंचायतों तक नेतृत्व कर रही हैं।

**शासन और प्रशासन :** सुशासन का मॉडल : अहिल्याबाई का 30 वर्षों का शासनकाल (1767-1795) सुशासन का एक आदर्श उदाहरण है। उनकी प्रजा केंद्रित नीतियां, जैसे प्रतिदिन जन-सुनवाई करना और गरीब से गरीब व्यक्ति की शिकायत सुनना, आज के लोकतंत्र के लिए एक सबक हैं। उनकी निष्पक्षता और पारदर्शिता ने उन्हें न्याय की देवी बनाया। आज जब भ्रष्टाचार और नौकरशाही की शिकायतें आम हैं, अहिल्याबाई का शासन हमें याद दिलाता है कि नेतृत्व में ईमानदारी और जवाबदेही कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार और उद्योग को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से महेश्वर में हथकरघा उद्योग की स्थापना की, जो आज भी महेश्वरी साड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यह आज के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विचारों से मेल खाता है। उनकी सिंचाई परियोजनाएं, जैसे कुएं और तालाब, आज के जल संरक्षण और स्मार्ट खेती के प्रयासों से जुड़ती हैं। उनकी आर्थिक नीतियां हमें सिखाती हैं कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग और टिकाऊ विकास ही समृद्धि का आधार है।

**समाज सुधार :** समावेशी समाज की नींव : अहिल्याबाई ने 18वीं शताब्दी में विधवा उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने विधवाओं को सम्मानजनक जीवन दिया और महिलाओं को शिक्षा व प्रशासन में शामिल किया। यह आज के भारत में लैंगिक समानता और सामाजिक समावेश के लिए चल रहे प्रयासों, जैसे महिला आरक्षण बिल या सामाजिक न्याय के लिए नीतियों, से जुड़ता है। उनकी यह सोच कि समाज का हर वर्ग सम्मान और अवसर का हकदार है, आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

**धार्मिक योगदान :** संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण : अहिल्याबाई की भक्ति और धार्मिक कार्य आज के लिए भी प्रेरक हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, सोमनाथ, अयोध्या और अन्य तीर्थस्थानों पर मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं। यह भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण का प्रतीक था। आज, जब भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रहा है, अहिल्याबाई के कार्य हमें याद दिलाते हैं कि आस्था और संस्कृति समाज को जोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने नर्मदा नदी के तट पर घाट और कुएं बनवाए, जो पर्यावरण संरक्षण और तीर्थयात्रा को आसान बनाने का प्रतीक थे। आज के समय में, जब नदियों का पुनर्जनन और पर्यावरण संरक्षण बड़े मुद्दे हैं, उनके कार्य हमें प्रेरित करते हैं कि धार्मिक और सामाजिक कार्य पर्यावरण के साथ संतुलन में हो सकते हैं।

**इंदौर और महेश्वर :** स्टार्टअप और सांस्कृतिक केंद्र : अहिल्याबाई ने इंदौर और महेश्वर को आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र बनाया। आज इंदौर भारत के सबसे स्वच्छ और तेजी से विकसित हो रहे शहरों में से एक है, और महेश्वर अपनी साड़ियो और पर्यटन के लिए जाना जाता है। विरासत और आधुनिक प्रासंगिकता : 13 अगस्त 1795 को अहिल्याबाई का निधन हुआ, लेकिन उनकी विरासत आज भी जीवित है।

# धन- उपार्जन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

## चिंतन-मनन

**धन-** उपार्जन में जितनी तत्परता बरतनी पड़ती है उससे कम नहीं वरन् कुछ अधिक ही तत्परता सुणों का स्वभाव का अंग बनाने में बरतनी पड़ती है। धन तो उत्तराधिकार में , स्वरूप श्रम से, संयोगवश अथवा ऋण अनुदान से भी मिल सकता है, पर सुणों की सम्पदा एकत्रित करने में तो तिल-तिल करके अपने ही प्रयत्न जुटाने पड़ते हैं। यह पूर्णतया अपने ही अध्यवसाय का प्रतिफल है। उत्कृष्ट चिंतन और आदर्श कर्तृत्व अपनाये रहने पर यह सम्पदा क्रमिक गति से संचित होती है। चंचल बुद्धि वाले नहीं संकल्प- निष्ठ सतत प्रयत्नशील और धैर्यवान व्यक्ति ही इस वैभव का उपार्जन कर सकने में समर्थ होते हैं। चक्की के दोनों पाटों के बीच में गुजरने वाला अन्न ही आटा बनता है।

सद्विचार और सत्कर्म के दबाव से व्यक्तित्व का सुसंस्कृत बन सकना संभव होता है। अपना लक्ष्य यदि आदर्श मनुष्य बनना हो तो इसके लिए आवश्यक उपकरण अलंकार जुटाये जाते रहेंगे इन्हीं प्रयत्नों का परिणाम समयानुसार आत्म-निर्माण के रूप में परिलक्षित होता दिखाई देगा। आत्मोत्कर्ष की अंतिम सीढ़ी आत्म- विकास है। इसका अर्थ होता है आत्मभाव की परिधि का अधिकाधिक विस्तृत क्षेत्र में विकसित होना। जिनका स्वार्थ अपने शरीर और मन की सुविधा तक सीमित है उन्हें नरझ्रकीटक कहा जाता है। जो इससे कुछ आगे बढ़ कर ममता को परिवार के लोगों तक सीमाबद्ध किए हुए हैं वे नर-पशु की श्रेणी में आते हैं। आमतौर से सामान्य मनुष्य इन्हीं वर्गों में गिने जाने योग्य चिंतन एवं क्रिया- कलाप अपनाए रहते हैं। उनका स्वार्थ इस परिधि से आगे नहीं बढ़ता। जीवन सम्पदा का इसी कुचक्र में भ्रमण करते हुए कोल्हू के बैल जैसी जिंदगी पूरी कर लेते हैं। मनुष्य का पद बड़ा है। अन्य प्राणियों की तुलना में ईश्वर ने उसे अनेकों असाधारण क्षमता दिव्य धरोहर की तरह दी है और अपेक्षा की है कि उन्हें इस संसार को समुन्नत,सुसंस्कृत बनाने के लिए प्रयुक्त किया जाय। मानवीय कलेवर ईश्वर की इस संसार की सबसे श्रेष्ठ कलाकृति है। इसका सृजन उच्च उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हुआ है। इस निर्माण के पीछे जो श्रम लगा है उसमें सृष्टा का यह उद्देश्य है कि मनुष्य उसके सहयोगी की तरह सृष्टि की सुव्यवस्था में संलग्न रह कर उसका हाथ बटा।

## आपके पत्र

### भारत के आंतरिक मामले और बाह्य शक्तियां

सबसे पहले शैतान सेना के बड़े गुलाम पाकिस्तान जैसे नापाक और दुष्ट देश को यह कहना-बताना अनिवार्य हो जाता है कि, कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो! जहां तक भारत के अपने आंतरिक मामलों का संबंध है, तो ठीक ही तो है, प्रतिपक्ष में होने के नाते हम भारत सरकार से बहस करेंगे और पूरा हिसाब-किताब भी मांगेंगे, लेकिन जब हमारे देश की सुरक्षा और समृद्धि की बात आएगी, तो हम सभी एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानी नागरिक एकता के अटूट बंधन से बंधे रहे हैं और हमेशा ऐसे ही रहेंगे।

बाहरी देशों को प्रतिनिधिमंडल भेजना कूटनीतिक विषय है। बाहरी शक्तियां इस भ्रम में न रहें कि हम हिंदुस्तानी विभाजित हो जाएंगे। हम मिलकर दुनिया को सच्चाई बताएंगे।

**पीके मेहता,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### राधानगर में गोली बारी घर लौट रहे शख्स को मारी गोली हालत गंभीर

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर पंचायत भवन के पास देर रात हुई एक सनसनीखेज वारदात में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। घायल की पहचान 46 वर्षीय कृष्ण घोष के रूप में हुई है, जिनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत पश्चिम बंगाल के फरक्का स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार देर रात करीब 10:45 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कृष्ण घोष देर रात अपने लौट रहे थे, तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया। गोली लगने के साथ ही कृष्ण घोष वहीं गिर पड़े और घटनास्थल खून से लथपथ हो गया। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही राधानगर बरहरवा और राजमहल थाना की पुलिस टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। हालांकि, इस हमले के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर बिखरे खून को देखकर बताया कि हमला कितना गंभीर था।राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने घटना की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा, ₹पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। हमलावरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।₹ फिलहाल, कृष्ण घोष का अस्पताल में इलाज जारी है और डॉक्टरों की टीम उनकी जान बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस इस वारदात को जल्द से जल्द सुलझाने का दावा कर रही है।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में रिक्ति के विरुद 33% हुआ नामांकन
मेदिनीनगर : पलामू में मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में सत्र 2025-26 में 103 बच्चे का दाखिला निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम (राइट टू एजुकेशन)-2009 के तहत हुआ। यह कुल रीक्तियों के 33% है। अभिवंचित वर्ग के बच्चों के लिए 67 प्रतिशत सीटें खाली रह गई है। यह स्थिति तब है जब पलामू जिले में दस्तावेज के अनुसार करीब 70 फीसदी लोग गरीब रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे हैं। जिले में मान्यता प्राप्त निजी स्कूल 18 है। सत्र 2025-26 में गरीब व अभिवंचित वर्ग के बच्चों के लिए मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में नामांकन के लिए 312 सीट निर्धारित था।
जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि कि सत्र 2025-26 में जिले में मान्यता प्राप्त 18 निजी स्कूलों में 312 सीट निर्धारित था। इसके विरूद्ध 241 आवेदन प्राप्त हुआ था। स्क्रूटनी के बाद 138 आवेदन त्रुटिपूर्ण पाए गए। 103 बच्चों का आवेदन सही पाया गया जिनका मनचाहे निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिला करा दिया गया है। त्रुटिपूर्ण पाए गए आवेदन में 72 हजार रुपए से अधिक आय का प्रमाणपत्र संलग्न किया गया था। कुछ आवेदकों की उम्र सीमा अधिक का प्रमाणपत्र लगाया गया था। उन्होंने कहा कि अभिभावकों में जागरूकता नहीं होने के कारण कम आवेदन आए। अप्रैल में नामांकन हो जाना चाहिए था, परंतु कुछ विलंब हुआ है। मई माह में सभी बच्चों का दाखिला करा दिया गया है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में जुलाई में बच्चों का दाखिला हो पाया था। डीएसइ ने कहा कि 2026-27 में दाखिला कि लिए अक्तूबर-नवंबर में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जनवरी-फरवरी में आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया जाएगा। मार्च 2026 में सारी प्रक्रिया पूरी अप्रैल में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

### खराब चापाकल की मरम्मत में आई तेजी

**हैदरनगर :** पलामू जिले के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत में डेड जलश्रोतों को दुरुस्त करने के काम में तेजी आई है। कुकही, बिलासपुर, नौडीहा, संड़ेया के विभिन्न स्थानों पर दो दिनों में एक दर्जन से अधिक चापाकल की मरम्मत की गई है। इससे पानी के लिए परेशान ग्रामीणों को राहत मिली है। जलसहिया व प्रखंड जल समिति के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर चापाकल और लघु जलमीनार की मरम्मत कराई जा रही है। चापाकल खराब होने की सूचना को गंभीरता से लिया जा रहा है।

### आम तोड़ने के विवाद में मारपीट 3 पर केस दर्ज



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज पंचायत के मिस्त्री टोला गांव में आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मिस्त्री टोला निवासी आशा देवी ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अपने आवेदन में पीड़िता आशा देवी ने बताया कि सुरेश मंडल, निखिल मंडल और अनिल मंडल ने आम तोड़ने के विवाद में उनके साथ मारपीट की। आशा देवी के बयान के आधार पर, राधानगर थाना में कांड संख्या 189/25 के तहत इन तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### साहिबगंज रेलवे स्टेशन को एक तरफ से सौंदरीकरण और एक तरफ से तोड़फोड़ शुरू



**साहिबगंज :** हावड़ा जॉन के मालदा डिवीजन अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यकरण अमृत भारत योजना के तहत कार्य चल रही है।वहीं साहिबगंज रेलवे स्टेशन का सौंदर्यकरण जारी है। एक तरफ से सौंदर्यकरण करते नजर आ रहे हैं वहीं दूसरी ओर स्टेशन परिसर में कोयला इंजन के पास लगाए गए तीन मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तोड़फोड़ कर दिया गया है।हालांकि यह बात भी सोचने वाली है कि आरपीएफ व जीआरपी दो थाना के रहते हुए भी इस तरह का घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है.विदित हो कि रेलवे के उच्च अधिकारी का क्षेत्र मे लगातार दौरा पर दौरा कर रहे है।फिर भी इस और किसी का ध्यान अब तक नहीं जा सका है।इससे साबित होता है कि रख रखाव और सुरक्षा पर सवाल उठता है।जबकि रेलवे पदाधिकारी प्रत्येक दिन इस होकर गुजरते हैं फिर भी आंख में पट्टी बांधकर आते जाते क्या विकास के नाम पर सिर्फ जनता को ठगने का काम करते नजर आ रहे हैं।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, मुख्यमंत्री मंईंया सम्मान योजना, जाति व दिव्यांग प्रमाण पत्र, जमीन विवाद, घर विवाद, नियुक्ति से संबंधित, नगर निगम, भू-राजस्व, पेंशन, अतिक्रमण, रसीद व लगान से संबंधित मामले को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।
इसके अलावे जनता दरबार के दौरान कुल 38 लोगों के आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त श्री सागर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।
*उपायुक्त ने ऑन द स्पॉट विभिन्न मामलों का किया निराकरण....*
जनता दरबार के दौरान उपायुक्त श्री सागर ने करौं प्रखण्ड के पथरौल थाना क्षेत्र से जुड़े मामले में आवेदक के आवेदन पर कार्रवाई करने का निदेश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया। साथ ही अनुकम्पा से नौकरी लेने के पश्चात परिवार का भरण पोषण न करने से जुड़े मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक जांच करते हुए जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावे भूमि व घर विवाद से जुड़े मामले में उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी देवघर को जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया। साथ ही नियुक्ति से संबंधित पुराने मामले में उपायुक्त ने अपर समाहर्ता देवघर को आवश्यक जांच करते हुए प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने पारिश्रमिक भुगतान से संबंधित मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित एजेंसी को नियमानुसार पारिश्रमिक भुगतान करने का निदेश दिया। साथ ही उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत जून पोखर के सफाई को लेकर नगर आयुक्त को आवश्यक निदेश दिया। वहीं सारठ प्रखण्ड के किडनी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना से जोड़ने का निदेश सिविल सर्जन को दिया। आगे मुख्यमंत्री मंईंया सम्मान योजना के लाभ से वंचित महिलाओं को ऑन द स्पॉट योजना से जोड़ा गया।मौके पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, कार्यपालक दण्डाधिकारी ओम प्रियदर्शी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम आदि उपस्थित थे।

## संजीव हत्याकांड के दो बच्चों को मिलेगा स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** पिछले दिनों चैती दुर्गा निवासी बिजली दुकानदार संजीव कुमार गुप्ता जिनकी हत्या कर दी गई थी।उसके घर पर बाल संरक्षण इकाई की एक टीम पहुंची और उक्त परिवार में दो बच्चे जिनके अभिभावक के रूप में सिर्फ मां और दादी रह गई है। उनके स्पॉन्सरशिप की प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी।टीम का नेतृत्व बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी,संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख चंदा गोंड चाइल्ड हेल्पलाइन के संजीव कुमार सिंह थे।स्पॉन्सरशिप के लिए आवश्यक कागजात की पूर्ण जानकारी दी गई।सभी डॉक्यूमेंट तैयार करने में सहायता प्रदान का आश्वासन दिया।उपलब्ध कागजात का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ प्रारंभ करवाने की बात कही।बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी और संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देख देख चंदा गोंड ने बताया कि जेजे एक्ट के तहत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना स्पॉन्सरशिप है यह ऐसे बच्चों को दिया जाता है जिनके पिता नहीं है या गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं अनाथ बच्चों को पोक्सो या संरक्षण के देख-देख वाले बच्चों को प्रदान किया जाता है।इसी क्रम में स्वर्गीय संजीव गुप्ता के परिवार ने बच्चों के पढ़ाई बाधित नहीं हो इसके लिए स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ हेतु आवेदन दिया है।इसलिए पहली प्राथमिकता पर इन बच्चों के सामने सुरक्षा और शिक्षा दोनों बहुत महत्वपूर्ण है उसको ध्यान में रखते हुए आज यह प्रक्रिया अपनाई गई है।जल्द से जल्द इन दोनों बच्चों को प्रयोजन का लाभ देंगे।इसके लिए आवश्यक कागजात तैयार करने हेतु परिवार को पूर्ण जानकारी दे दी गई है।

## सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ी होंगे शामिल



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** भारतीय कुश्ती संघ एवं चंडीगढ़ कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 25 से 27 मई तक चंडीगढ़ के पलवल शहर में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के तीन होनहार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। फूलो-झानो इनडोर स्टेडियम, साहेबगंज में संचालित खेलो इंडिया कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु ऋषि चौधरी फ्री स्टाइल 45 किलो वर्ग सोनू कुमार फ्री स्टाइल 60 किलो वर्ग व सत्यम चौधरी ग्रीको-रोमन 65 किलो वर्ग का चयन झारखंड टीम में किया गया है। तीनों खिलाड़ी चंडीगढ़ के पलवल शहर के लिए रवाना हो चुके हैं।जिला खेल कार्यालय में जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा ने तीनों खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।जिले से चयनित तीनों कुश्ती खिलाड़ियों को जे.ओ.ए सदस्य राजेश यादव, कल्याण श्रीवास्तव, माधव चंद्र घोष, संतोष उर्फ टिंकू, कोच योगेश यादव, अशोक साहनी, जिला कुश्ती संघ की सचिव नमिता कुमारी, खेलो इंडिया कुश्ती कोच प्रकाश सिंह बादल, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, गौतम झा, गौरव झा समेत जिलेवासियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पनशाला का किया गया उदघाटन

**मेदिनीनगर:** शहर के कोऑपरेटिव चौक पर स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में गुरुवार को पनशाला का उद्घाटन किया गया। एक कामगार के हाथों पनशाला का उदघाटन करवाया गया। गर्मी से पानी के लिए परेशान आम राहगीरों के लिए पनशाला की व्यवस्था की गई है। प्यास लगने पर मजदूर, रिक्शाचालक आदि को भी बोतल बंद पानी खरीदकर पीना पड़ता है। इस समस्या का निदान निकालने के लिए यह पहल की गई है। मौके पर माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य अविनाश देव आदि मौजूद थे।

### कॉलेज में सुरक्षा का लिया जायजा

**मेदिनीनगर :** एसपी के निर्देशन में मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने जीएलए कॉलेज, योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज एवं जनता शिवरात्रि कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में स्नातक नामांकन की तैयारी शुरू

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के विभिन्न अंगीभूत व सम्बद्ध कॉलेजों में जल्द ही स्नातक सत्र-2025-29 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है। इसको लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर के निर्देश पर यूजी नामांकन हेतु विश्वविद्यालय स्तरीय प्रवेश समिति का गठन कर दिया। इस समिति के अध्यक्ष स्वयं कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर हैं, जबकि सदस्य सचिव डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव है। समिति में प्रतिकुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह, विज्ञान संकाय के डीन डॉ. एस.के. सिंह, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के डीन डॉ. टी.पी. सिंह, मानविकी संकाय के डीन डॉ. पी.पी. सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार शाह, पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एल. बोंडाया, संथाली विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील टुडू, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत सोरेन, वाणिज्य विभागाध्यक्ष दीपक कुमार दास, सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ. पूनम हेम्ब्रम के साथ-साथ देवघर कॉलेज, साहेबगंज कॉलेज, ए.एन. कॉलेज दुमका, सेंट जेवियर्स कॉलेज महारो, महिला कॉलेज पाकुड़, मॉडल कॉलेज दुमका और डिग्री कॉलेज नाला फतेपुर के प्राचार्यों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।
ज्ञात हो कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है, जबकि झारखंड एकेडमिक काउंसिल का परिणाम अभी प्रतीक्षित है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि जैक बोर्ड का परिणाम जारी होते ही चांसलर पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय में स्नातक नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।
इस संबंध में विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कुलपति के निर्देशानुसार नामांकन समिति का गठन कर दिया गया है और जल्द ही चांसलर पोर्टल खोलने का निर्णय नामंकन समिति का बैठक कर लिया जाएगा। डॉ. यादव ने जानकारी दी कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 27 अंगीभूत महाविद्यालय और 14 संबद्ध महाविद्यालय हैं, जिनमें चांसलर पोर्टल के माध्यम से स्नातक नामांकन की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

## अज्ञात अपराधियों ने युवक को गोली मारकर की हत्या



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर के डाक बंगला खंता में एक युवक को गोली मार दी। इसमे युवक गंभीर रूप स घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में ले गया। जहां जांच के दौरान डॉ. मुकेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया है। मृतक महाराजपुर के नयाटोला के रहने वाले बेचन मंडल का पुत्र 30 वर्षीय पांचू मंडल था। मृतक का बड़ा भाई फेकन मंडल ने बताया कि किसी ने उसे बताया कि पांचू मंडल को गोली लगी है। जब घटना स्थल पर जाकर देखा तो वे घायल अवस्था वहां पड़ा था। अनन फानन में स्थानीय ग्रामीण के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां रास्ते मे घायल ने दम तोड़ दिया है। वही डॉक्टर डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि गोली सीना के बीच लगी है। गोली आर-पार हो गई है। वही पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा कि कितना गोली लगी है। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मारपीट का अभियुक्त गिरफ्तार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना पुलिस ने मारपीट के एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 179/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 85/126, 2/115(2)/109(1)/352/3(5) के अंतर्गत राधानगर निवासी सतीश रविदास उर्फ खितिश रविदासके विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक टीम गठित की और राधानगर गांव में छापेमारी कर उसे धर दबोचा। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद पुलिस ने गुरुवार को सतीश रविदास उर्फ खितिश रविदास को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## मिशन वात्सल्य के तहत ऑफ्टर केयर विषय पर हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**दुमका :** जिला बाल संरक्षण इकाई के सभागार कक्ष में गुरुवार को जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र की अध्यक्षता में एसजीवीवी संस्था एवं सृजन फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में झारखंड ऑफ्टर केयर मार्गदर्शिका 2023 पर विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षक संजय कुमार ने बताया कि 14 वर्ष की आयु पूर्ण वैसे बालक जो दीर्घकालिक बाल देखभाल संस्थान में आवासित हैं, बच्चों की व्यक्तिगत देखरेख योजना के अनुसार जरूरतमंद बालकों का आफ्टर केयर सेवाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया आरंभ की जा सकती है। प्रशिक्षक सुतापा रुईदास ने बताया कि वैसे बालक/किशोर जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो और उन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता हो, तो ऐसे बालक/किशोर को जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम चिह्नित कर मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाए ताकि वह एक जिम्मेदार नागरिक बने और सामान्य रूप से जीवन यापन कर सकें। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने कहा कि संस्थागत/गैर संस्थागत सेवा से आच्छादित वैसे बालक/ किशोर जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गयी हो तथा आर्थिक कठिनाई के कारण आगे की पढ़ाई लिखाई जारी रखने में असमर्थ हों, तो वैसे बालकों/किशोरों को ऑफ्टर केयर मार्गदर्शिका 2023 के तहत आर्थिक सहायता के रूप में 4000/- रुपए प्रति माह दिये जाने का प्रावधान है। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृहों के समस्त पदाधिकारी व कर्मीगण मौजूद थें।



## एश्वर्या की पति अभिषेक से अनबन नहीं, कान्स में हो गया खुलासा

**पूर्व मिस** वर्ल्ड और बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेरा दिया। इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 काफी चर्चा में है। इस मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में ने ऐश्वर्या राय ने भी धमाकेदार एंट्री की है। ऐश्वर्या राय वर्ष 2002 में पहली बार फिल्म देवदास के प्रीमियर के लिए कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई थीं। इसके बाद वह हर साल इस फिल्म फेस्टिवल में शामिल होती हैं।

ऐश्वर्या का लुक भी हर साल चर्चा में रहता है। इस बार उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। एक तरफ जहां रेड कारपेट पर दूसरी हसीनाओं ने वेस्टर्न आउटफिट पहन जलवा बिखेरा तो वहीं, ऐश्वर्या ने भारतीय नारी वाली छवि के संग एंट्री ली तो हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। इस दौरान उन्होंने नमस्ते कहकर वहां उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। ऐश्वर्या रॉय कान्स के रेड कारपेट पर अपने हुस्न के जलवे बिखेरती नजर आईं। ऐश्वर्या राय बच्चन ने भारतीय संस्कृति और फैशन का शानदार समागम पेश किया। ऐश्वर्या, साड़ी, मांग में सिंदूर, खुले बालों के साथ साइड दुपट्टा और लाल जड़ाऊ हार पहनकर बेहद ही स्टनिंग लग रही थी। ऐश्वर्या रॉय ने कान्स 2025 में ऑफ व्हाइट आइवरी बनारसी साड़ी पहनी, जिसे मशहूर डिजानइन मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। लाल जड़ाऊ हार उनके लुक को शाही टच दे रहा था। सबसे ज्यादा ऐश्वर्या के लुक में जिस चीज ने ध्यान खींचा वो था उनका सिंदूर। इसी के साथ ऐश्वर्या ने पति अभिषेक संग शादी में अनबन की खबरों को भी खत्म कर दिया है। ऐश्वर्या के लुक की नेटिजन्स जमकर तारीफ कर रहे हैं।

## सलमान खान की सुरक्षा में चूक,देर शाम ग्लैक्सी अपार्टमेंट में घुसा संदिग्ध



**बॉलीवुड** के भाईजान यानि एक्टर सलमान खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट में एक शख्स अवैध रूप से घुसा गया था।सूत्र के मुताबिक यह घटना 20 मई की शाम 7 बजकर 15 मिनट की है । इस मामले में पुलिस ने जितेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस संदर्भ में इठर की धारा 329(1) के तहत मामला दर्ज किया है। गैलेक्सी अपार्टमेंट पर सलमान खान की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारी ने अपने बयान में बांद्रा पुलिस को बताया कि 20 मई को लगभग 09:45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते देखा गया फिर मैंने उसे समझाया और उस जगह से चले जाने को कहा। इसके बाद इस घटना से गुस्साए शख्स ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया।

शाम करीब 7:15 बजे वही अज्ञात व्यक्ति गैलेक्सी अपार्टमेंट के मुख्य द्वार पर वापस आया और इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की कार से गेट के अंदर प्रवेश कर गया। मौके पर मौजूद पुलिस कॉन्स्टेबल सुर्वे, महेत्रे, पवार और सुरक्षा गार्ड कमलेश मिश्रा ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े जाने पर शख्स ने कहा-मैं सलमान खान से मिलना चाहता हूं, लेकिन पुलिस मुझे उनसे मिलने नहीं दे रही है इसलिए मैं छिपने की कोशिश कर रहा था।'

बता दें सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है और उनके घर के बाहर जब से फायरिंग हुई है उसके बाद से उनकी सिक्योरिटी को काफी बढ़ा दिया गया है।सलमान जहां भी जाते हैं वह सिक्योरिटी से घिरे रहते हैं।

## देश के हर कोने से मिल रहे प्यार और पॉजिटिविटी से अभिभूत हूं: एनटीआर

**साउथ** से लेकर नॉर्थ तक लोगों के दिलों पर राज करने वाले एनटीआर, जिन्हें प्यार से मैन ऑफ द मासेस कहा जाता है, उन्होंने वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2 के टीजर से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह वाकई एक पैन इंडिया सुपरस्टार हैं। जैसे ही वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, एनटीआर की सुपर-स्पाय अवतार की चर्चा हर ओर छा गई और सोशल मीडिया पर तहलका मच गया। देशभर से मिल रहे प्यार से एनटीआर गदगद हैं। वे कहते हैं, एक एक्टर होने का सबसे बड़ा आशीर्वाद यह है कि आपको लोगों से बिना शर्त इतना प्यार मिलता है। यह एक बेहद कीमती और दुर्लभ अनुभव है, और मैं खुद को खुशनसीब मानता हूं कि मुझे वॉर 2 के लिए यह मिल रहा है। इस फिल्म में मेरा किरदार मेरे लिए एक नया अनुभव था, और इसको निभाने में मुझे बेहद मजा आया।



# 68 साल पुरानी ड्रेस पहन कान्स के रेड कार्पेट पर छाई जाह्नवी कपूर

### इंग्लिश मेम वाले लुक से बना लिया सबको दीवाना

**एक्ट्रेस** जाह्नवी कपूर ने बहुत कम उम्र में ही फैंस और इंडस्ट्री में अपनी दमदार पहचान बना ली है। फैशन से लेकर फिल्मों तक अपने हर अंदाज से हमेशा जाह्नवी फैंस का दिल चुराती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपने शानदार लुक्स और स्टाइल से हर किसी को अपना दीवाना बना लिया। इसके बाद अब उन्होंने कान्स में अपनी तीसरी प्रेजेंस दी और एक बार फिर अपने लुक्स को लेकर लाइमलाइट बटोर रही हैं।

**कान्स के रेड कार्पेट में अपनी तीसरे प्रेजेंस के दौरान जाह्नवी कपूर ने 1957 के क्रिश्चियन डायर क्रिएशन के साथ विंटेज ग्लैमर लुक को फ्लॉन्ट किया, जो हर किसी के दिलों पर छा गया। एक्ट्रेस के इस लुक में विंटेज हॉलीवुड ग्लैमर की झलक साफ दिखाई दे रही हैं। हल्की कर्व्ड नेकलाइन और स्लीवलेस, बॉडी-हगिंग सिल्हूट जाह्नवी की विंटेज डायर ड्रेस को ग्रेसफुल बना रही है। साथ ही ड्रेस के सेंटर में रखा गया एक सिल्वर ब्रोच स्पार्कल एड कर रहा है।**

कान्स के रेड कार्पेट में अपनी तीसरे प्रेजेंस के दौरान जाह्नवी कपूर ने 1957 के क्रिश्चियन डायर क्रिएशन के साथ विंटेज ग्लैमर लुक को फ्लॉन्ट किया, जो हर किसी के दिलों पर छा गया। एक्ट्रेस के इस लुक में विंटेज हॉलीवुड ग्लैमर की झलक साफ दिखाई दे रही हैं। हल्की कर्व्ड नेकलाइन और स्लीवलेस, बॉडी-हगिंग सिल्हूट जाह्नवी की विंटेज डायर ड्रेस को ग्रेसफुल बना रही है। साथ ही ड्रेस के सेंटर में रखा गया एक सिल्वर ब्रोच स्पार्कल एड कर रहा है। डायर द्वारा डिजाइन की गई क्लासिक ब्लैक स्लब ड्रेस है। इस ड्रेस में एक्ट्रेस इंग्लिश मेम जैसी लग रही हैं। इस ड्रेस के साथ उन्होंने मिनिमल एक्सेसरीज, डायमंड स्टड इयररिंग्स पहने, जो ब्रोच के साथ मैच कर रह है।

रिया कपूर द्वारा स्टाइल किया गया जाह्नवी कपूर का यह लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इन तस्वीरों को रिया ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और इसके कैप्शन में लिखा- आज कान में जाह्नवी कपूर के साथ प्रेस के लिए क्रिश्चियन डायर 1957 हाउते कॉउचर ब्लैक स्लब सिल्क ड्रेस में।

## आईपीएल 2025 : आज सनराइजर्स के खिलाफ टॉप-2 के लिए खेलेंगे रॉयल चैलेंजर्स



**लखनऊ:** आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला जीतकर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाना चाहेगी। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी, लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था, लेकिन मानसून की शुरूआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया।

लीग के फिर शुरू होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं।



## एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने बॉलीवुड को कहा अलविदा

**अथिया शेट्टी** अब फिल्मों में नहीं दिखेंगी। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड से किनारा कर लिया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में पिता सुनील शेट्टी ने खुलासा किया है कि उनकी बेटी ने एक्टिंग की दुनिया को अलविदा कहने का फैसला किया है। सुनील ने बताया कि अथिया ने स्वीकार किया है कि उन्हें फिल्मों में कोई दिलचस्पी नहीं है और उन्होंने फिल्मों से दूर जाने का फैसला कर लिया है। सुनील कहते हैं कि उसने एक दिन मुझसे कहा, बाबा, मैं फिल्में नहीं करना चाहती और वह बस चली गई। सुनील ने बेटी की सराहना करते हुए कहा कि इस वक्त वह अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यानी मदरहुड पर फोकस करना चाहती हैं।

## आईपीएल 2025 : रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु में जैकब बेथेल की जगह टिम सिफर्ट



**नई दिल्ली:** रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु ने गुरुवार को खेल गये मुकाबले के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया , क्योंकि वह नेशनल ड्यूटीज के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपए में आरसीबी से जुड़ेंगे। आरसीबी ने टिम सिफर्ट से करार किया है, क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद नेशनल टीम में शामिल होने के लिए इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।

## म्हात्रे कप्तान, सूर्यवंशी को मौका, इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान



**नई दिल्ली:** इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वॉर्मअप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी। इस टूअर के लिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गई है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आईपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला आईपीएल सीजन है। आयुष ने आईपीएल 2025 के छह मैचों में 206 रन बनाए। जहां उनका एवरेज 34.33 का है और स्ट्राइक रेट 187.27 का है। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने सात मुकाबलों में 252 रन बनाए और उनका एवरेज 36 तो स्ट्राइक रेट 206.55 दर्ज किया गया। वैभव ने इस दौरान एक शतक और एक अर्द्धशतक लगाया।

**भारतीय अंडर-19 टीम** — आयुष म्हात्रे (कप्तान), अभिज्ञान कुंडु (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराज सिंह चावड़ा, राहुल कुमार, हरवंश सिंह, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

स्टैंडबाय – नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल।

## आपेरशन सिंदूर को जापान-यूएई का साथ

# टोक्यो में सांसदों ने आतंकवाद पर पाक को किया बेनकाब





**एजेंसी/ टोक्यो:** जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान भारत के दृढ़ और स्पष्ट रुख को दोहराया गया कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और इसे जड़ से समाप्त किया जाना चाहिए। जापानी मंत्री ने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति का न केवल समर्थन किया, बल्कि हालिया पहलगाम आतंकी हमले पर गहरा शोक भी व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि हमने भारत का पक्ष बहुत दृढ़ता से रखा। जापानी विदेश मंत्री ने हमारे विचारों की सराहना की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने संयम दिखाकर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर द्वारा उन्हें दी गई जानकारी का भी उल्लेख किया और इस लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़े होने की बात कही।

**आबुधाबी में हिंदुस्तान ने खोली आतंक के पनाहगार की पोल :** पर पाकिस्तान की सच्चाई से दुनिया को रू-ब-रू करवाने के लिए विभिन्न दलों के भारतीय सांसद अलग-अलग देशों के दौरे पर हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अहम बैठक की। इस दौरान सांसदों की यूएई संघीय राष्ट्रीय परिषद के रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष डा. अली राशिद अल नुमामी से भी मुलाकात हुई। डा. अली राशिद ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म या राष्ट्रीयता नहीं होती।

यह समस्त मानवता और पूरी दुनिया के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि हम इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद केवल एक राष्ट्र या क्षेत्र के लिए ही खतरा नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक खतरा है। हमारा मानना है कि हमें एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रूप में एक साथ आना चाहिए, विशेष रूप से संसद सदस्यों को, हमें योजना और रणनीति बनाने पर काम करना चाहिए।

## बहादुर और बलिदान देने वाले जवानों को गैलेंट्री अवॉर्ड
## राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र और वीरता पुरस्कारों से नवाजे जांबाज



**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-1 के दौरान देश के जांबाज सैनिकों को शौर्य चक्र और अन्य वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया। यह सम्मान उन सैन्यकर्मियों को प्रदान किए गए जिन्होंने अत्यंत बहादुरी, साहस और बलिदान का परिचय दिया। समारोह का आयोजन राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तीनों सेनाओं के प्रमुख उपस्थित रहे। इस गरिमामय अवसर पर देश ने अपने उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि और सम्मान दिया, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी या असाधारण साहस का परिचय दिया।

शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय रायफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर रायफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम और आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय रायफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को भी राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

**शहीद जवानों के परिवार को लगाया गले :** इस दौरान राष्ट्रपति ने द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय रायफल्स सिपाही प्रदीप सिंह और मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो बार डाइस से नीचे उतरकर शहीद जवान के परिवारों को गले से लगाया।

## अब एयरपोर्ट पर फोटो-वीडियो नहीं ले सकेंगे यात्री
## डीजीसीए ने लगाया बैन, जारी किए सख्त निर्देश

**नई दिल्ली :** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की हवाई सुरक्षा को लेकर अहम और सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह नया नियम उन सभी विमानों पर लागू होगा जो सैन्य हवाई अड्डों से उड़ान भरते हैं या वहां लैंड करते हैं। डीजीसीए का यह निर्देश विशेष रूप से भारत की पश्चिमी सीमा के पास स्थित संवेदनशील हवाई अड्डों–जैसे अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर–पर सख्ती से लागू रहेगा। नए नियम के तहत इन स्थानों पर टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान यात्रियों को विमान की खिड़कियों के पर्दे (विंडो शेड्स) नीचे रखने होंगे।

दरअसल, हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि कुछ यात्री टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान खिड़कियों से बाहर के दृश्य की तस्वीरें या वीडियो बना लेते हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा कर देते हैं। इन तस्वीरों में एयरबेस की संरचना, सैन्य गतिविधियां और अन्य संवेदनशील जानकारियाँ भी कैद हो जाती हैं, जिससे देश की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है।

इसी के मद्देनजर डीजीसीए ने विंडो शेड्स नीचे रखने और सैन्य हवाई अड्डों पर फोटो या वीडियो लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अगर कोई यात्री इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें नागरिक उड्डयन नियमों के तहत जुमार्ना और अन्य दंड भी शामिल हो सकते हैं।

## दिल्ली का कबाड़ीवाला निकला पाकिस्तान का जासूस
## हाई कमिशन से रिश्तेदारी और खतरनाक कनेक्शन



**नई दिल्लीः** देश में एक के बाद एक पाकिस्तानी जासूसों के नेटवर्क का पदार्फाश हो रहा है। अब उत्तर प्रदेश एटीएस (एटीएस) की कार्रवाई में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस बार दिल्ली के सीलमपुर इलाके से कबाड़ का काम करने वाला मोहम्मद हारून पकड़ा गया है, जो असल में पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा था।

**हाई कमिशन से रिश्तेदारी और खतरनाक कनेक्शन:** जांच में सामने आया है कि हारून की मुलाकात पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात कर्मचारी मुजम्मल हुसैन से हुई थी। दोनों के बीच संबंध धीरे-धीरे गहरे हुए और फिर हारून, मुजम्मल के इशारों पर काम करने लगा। बताया जा रहा है कि हारून की पाकिस्तान में रिश्तेदारी भी है और वह अक्सर वहां आता-जाता रहता था। इसी दौरान वह मुजम्मल के संपर्क में आया।

**वीजा दिलवाने के नाम पर वसूली और जासूसी:** एटीएस के मुताबिक हारून, पाकिस्तान का वीजा दिलवाने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलता था। यह रकम वह अलग-अलग बैंक खातों में मंगवाता और फिर उसमें से हिस्सा खुद रखकर बाकी पैसे मुजम्मल को पहुंचा देता। वह नकद लेनदेन भी करता था ताकि ट्रैक न हो सके। जांच में यह भी पता चला है कि हारून देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां मुजम्मल के साथ साझा कर रहा था। इन सूचनाओं का इस्तेमाल भारत की सुरक्षा को अस्थिर करने के इरादे से किया गया।

**देश विरोधी गतिविधियों में धन का इस्तेमाल :** मुजम्मल ने वीजा क्लाइंट्स से मिलने वाली रकम का उपयोग देश विरोधी गतिविधियों के लिए किया। हारून की भूमिका केवल सूचनाएं भेजने तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह फंड ट्रांसफर और नेटवर्किंग में भी सक्रिय रूप से शामिल था। सरकार ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए मुजम्मल हुसैन को भारत छोड़ने का आदेश जारी कर दिया है।

## सेप्टिक टैंक की मरम्मत के दौरान 2 लोगों की मौत, 4 बेहोश

**कटिहारः** बिहार के कटिहार जिले में सेप्टिक टैंक की मरम्मत के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई और चार अन्य बेहोश हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज महतो (45) और रंजीत सिंह (35) के रूप में हुई है और घायलों की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। गांव के मुखिया के प्रतिनिधि विजय सिंह कुशवाहा ने बताया, ह घटना रौतारा थाना क्षेत्र के रमेली गांव में हुई, जब महतो और सिंह मरम्मत के लिए सेप्टिक टैंक में उतरे और बेहोश हो गए। उन्हें बचाने के लिए चार अन्य मजदूर टैंक में उतरे, लेकिन वे भी बेहोश हो गए। उन्होंने बताया, ग्रामीणों ने सभी छह मजदूरों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मनोज महतो और रंजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य चार का इलाज किया जा रहा है।

# चिनाब के प्रोजेक्टों में मदद करे केंद्र
# सीएम ने हिमाचल के हितों की रखी बात

### मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सिंधु जल समझौता स्थगित होने के बाद प्रदेश के हितों की रखी बात



**शिमला:** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल समझौता फिलहाल स्थगित करने के भारत सरकार के फैसले के बाद हिमाचल सरकार ने भी रणनीति बदली है। बदली हुई परिस्थितियों में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर तर्क दिया है कि चिनाब नदी पर बन रही बिजली परियोजनाओं में केंद्र सरकार मदद करे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से यह मुलाकात गुरुवार को मुख्यमंत्री ने दिल्ली दौरे के दौरान की। मुख्यमंत्री ने बताया कि चिनाब नदी हिमाचल में बहती है और यह भी सिंधु जल समझौते का एक हिस्सा थी। अब क्योंकि भारत सरकार ने इस संधि को स्थगित कर दिया है, इसीलिए चिनाब के पानी के बेहतर इस्तेमाल के लिए लाहुल-स्पीति में बिजली परियोजनाएं बनाना जरूरी है। इन परियोजनाओं को स्थापित करने में भारत सरकार मदद करे। हिमाचल सरकार ने चिनाब बेसिन के दो प्रोजेक्ट 400 मेगावाट का सेली और 120 मेगावाट का मियाड़ तेलंगाना सरकार को दिए हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बैठक के दौरान किशाऊ बांध के वित्तपोषण संबंधी मुद्दे पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने किशाऊ जल विद्युत परियोजना में हिमाचल प्रदेश के अधिकारों और हितों को ध्यान में रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अथवा किशाऊ परियोजना के मुख्य लाभार्थी राज्य दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को इस परियोजना की पूरी लागत वहन करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में पावर जेनरेशन का पैसा केंद्र सरकार दे, क्योंकि इस प्रोजेक्ट के लिए बाकी संसाधन हिमाचल के जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि रेणुका बांध परियोजना में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि और निःशुल्क बिजली घटक के मामलों पर विचार किया जाना चाहिए। परियोजनाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जल विद्युत परियोजनाएं राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परियोजनाओं के दृष्टिगत पर्यावरणीय और सामाजिक मूल्यों का भी ध्यान रखते हुए राज्य को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जल जीवन मिशन के तहत लंबित राशि को शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती तथा मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर भी उपस्थित रहे।

## फिल्मी अंदाज में आए बदमाश, बाइक घेरकर युवक को मारी गोली, मौत

**पटनाः** बिहार की राजधानी पटना से एक झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पर बदमाशों ने ननिहाल आए युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के दानापुर के खगौल थाना क्षेत्र का है। मृतक युवक की पहचान परसा बाजार के पलंगा गांव निवासी राकेश कुमार सिंह के 24 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। वह इन दिनों कोथवां स्थित अपने ननिहाल में रह रहा था। बताया जा रहा है कि बुधवार को दोस्त का फोन आने के बाद रौशन घर से निकला। उसके साथ गांव के दो अन्य युवक भी थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर वाटर पार्क की तरफ जा रहे थे, तभी मुस्तफापुर के पास बाइक पर सवार होकर अपराधी आए और उनकी बाइक को घेर लिया। इसके बाद उन्होंने रौशन को गोली मार दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद रौशन को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल :** इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पाकिस्तान में 100 साल पुराने शिव मंदिर पर कब्जा
# जमीन पर शुरू करवाया अवैध निर्माण, रास्ता तक रोका

### हिंदू समुदाय ने वीडियो जारी कर जताई चिंता



**एजेंसी/ इस्लामाबादः** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे में 100 साल पुराने एक हिंदू मंदिर पर कब्जे का आरोप लगा है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने गुरुवार को बताया कि जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा कि मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है, लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिवमंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है। काच्छी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी कर-के घटना की जानकारी दी। काच्छी ने कहा कि शिवमंदिर के कामकाज और मंदिर के आसपास लगभग चार एकड़ जमीन की देखरेख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है।

उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्त्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्वार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है। मंदिर में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालु भजन-कीर्तन भी करते हैं। संगठन प्रमुख ने कहा कि भू-माफिया ने मंदिर के आसपास की काफी भूमि पर कब्जा कर लिया है और इसके चारों ओर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। सिंध में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के कल्याण के लिए कार्य करने वाले और कानूनी सहायता प्रदान करने वाले काच्छी ने पाकिस्तान सरकार से मंदिर के चारों ओर अवैध निर्माण को रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सिंध में कई ऐतिहासिक हिंदू मंदिर हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। बता दें कि पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी अब एक फीसदी से भी कम बची है। इनमें भी ज्यादातर लोग सिंध प्रांत में ही बसे हैं। ऐतिहासिक तौर पर भी पाकिस्तान के सिंध प्रांत में ही हिंदुओं की संख्या अधिक थी।

slice | North East Small Finance Bank

## बैंकिंग सेक्टर में बड़ा बदलाव, आरबीआई ने इस बैंक का नाम बदला ऑफिशिलय नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्लीः** देश के बैंकिंग सेक्टर में एक अहम बदलाव देखने को मिला है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आधिकारिक तौर पर यह घोषणा कर दी है कि अब नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक नए नाम स्लाइस स्मॉल फॉईनास बैंक के नाम से जाना जाएगा। इस बदलाव को 14 मई 2025 की अधिसूचना के जरिए अधिसूचित किया गया और इसे 16 मई को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया।

**क्यों बदला नाम? :** साइलेंस जो फिनटेक सेक्टर में पहले से ही एक पहचान बना चुका है, ने बैंकिंग क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए इस बदलाव की शुरूआत की है। साइलेंस के संस्थापक राजन बजाज ने इस खबर को अपने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि यह केवल नाम नहीं, बल्कि बैंकिंग के अनुभव में एक नया अध्याय है।

**ग्राहकों के लिए क्या बदलेगा? :** अगर आप इस बैंक के ग्राहक हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। आपके मौजूदा दस्तावेज जैसे पासबुक, चेकबुक और डेबिट कार्ड तब तक मान्य रहेंगे जब तक बैंक कोई नया निर्देश न जारी करे।

**2.आईएफएससी कोडः** बैंक का नाम बदलने का असर आपके आईएफएससी कोड पर नहीं पड़ेगा। मौजूदा कोड को आप पहले की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**3. बैंकिंग सेवाएं रहेंगी पहले जैसीः** नाम बदलने के बावजूद बैंक द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं और सेवाएं वैसी ही रहेंगी। आपकी जमा राशि, खाते की स्थिति या ट्रांजैक्शन प्रोसेसिंग में कोई बदलाव नहीं आएगा।

क्या करें ग्राहक?

बैंक की ओर से आने वाले सभी आधिकारिक नोटिफिकेशन पर नजर रखें।

यदि नई पासबुक या डेबिट कार्ड जारी होता है, तो बैंक के निर्देशों का पालन करें।

किसी भी तरह की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए बैंक की नजदीकी शाखा में संपर्क करें या साइलेंस बैंक की वेबसाइट पर जाएं।

# क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने विकास योजनाओं का लिया जायजा

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला उपायुक्तकर्ण सत्यार्थी ने कामडारा प्रखंड का भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का निरीक्षण किया एवं आम नागरिकों, विद्यार्थियों तथा लाभुकों से संवाद स्थापित किया।

समर कैंप में बच्चों के साथ बिताया समय

उपायुक्त ने सर्वप्रथम राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहाटोली, कामडारा में जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय समर कैंप का अवलोकन किया। इस समर कैंप में कामडारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उपायुक्त ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनके समर कैंप के अनुभवों को सुना और उन्हें नए दोस्त बनाने व नई चीजें सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों ने पत्तों का संग्रह कर उनके प्रकारों और वृक्षों की जानकारी प्राप्त की, जिसे उन्होंने बेहद रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। बच्चों की सरलता और जिज्ञासा ने उपस्थित सभी अधिकारियों का मन मोह लिया।

उपायुक्त ने कहा कि ₹बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे रचनात्मक प्रयास सराहनीय हैं और भविष्य में भी इस प्रकार



के आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

कृषि और मनरेगा कार्यों की समीक्षा

इसके पश्चात उपायुक्त ने मनरेगा योजना के अंतर्गत आम बागवानी परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से उनके अनुभव साझा करने को कहा और मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता एवं स्थायित्व की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कार्यों में और सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जन वितरण प्रणाली की बारीकी से जांच

सालगुटू ग्राम में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने वितरण प्रणाली की प्रक्रिया, वजन मशीन, रसीद पंजी सहित सभी दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया। उन्होंने सभी लाभुकों का एङउ सुनिश्चित करने तथा विशेष रूप से बुजुर्ग लाभुकों का घर जाकर ङउ कराने का निर्देश दिया। साथ ही, राशन कार्ड की सूची को अद्यतन करते हुए मृत व्यक्तियों के नाम हटाने एवं नवीन लाभुकों को जोड़ने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी प्रखंडों में आई-रेटिना मशीन उपलब्ध कराने तथा उसका समुचित उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

नव-निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

उपायुक्त ने सालगुटू पंचायत में नव-निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कमरों का निरीक्षण करते हुए ओपीडी रजिस्टर, डेली एक्टिविटी रजिस्टर, डिलीवरी रिपोर्ट सहित अन्य सभी अभिलेखों की जांच की।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को पिछले दो वर्षों की प्रेग्नेंसी के दौरान हुई मृत्यु की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मातृ वंदना योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ अस्पताल में ही डिस्चार्ज के समय प्रदान किया जाए।

बच्चे के जन्म के समय तत्काल जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने, अस्पताल की जानकारी हेतु साइनेज लगाने, एवं स्थानीय लोगों को नए उलउ के संचालन की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए।

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को यह निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी न हो एवं योग्य लाभुकों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ हो।

इस क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान एसडीओ बसिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी कामडारा, अंचल अधिकारी कामडारा, स्वास्थ्य विभाग से मोनिका बाला, शिक्षा विभाग से दिलदार सिंह, एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय से अलीना दास सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रानी तालाब एवं राजा नरपत सिंह उच्च विद्यालय के निकट अवस्थित हाई मास्क लाईट शोभा की वस्तु बनी



**कमल केसरी :** चक्रधरपुर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल तथा दंदासाई एवं पुरानी बस्ती जाने के लिए प्रकाश की आवश्यकता को देखते हुए इस स्थल पर हाई मास्क लाईट लगाए गए और कुछ दिनों तक यह स्थल प्रकाशमय भी रहा किंतु कुछ दिनों से यह लाईट खराब रहने के कारण यह महज शोभा की वस्तु बन गया है और इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोग अंधकार में चलने को विवश हैं हालांकि जब लाईट लगी थी तो इस प्रयास की सराहना भी की गई थी परंतु वर्तमान समय में यह हाई मास्क लाईट शोभा की वस्तु बना हुआ है और लोगों का मानना है कि यह चार दिनों की चांदनी फिर काली रात वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

### अवैध खनन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई



**गुमला :** गुमला थाना क्षेत्र के कोयल नदी के निकट, मौजा-कोयंजारा, पंचायत-कसीरा में अवैध बालू खनन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स (खनन) द्वारा औचक जाँच एवं छापामारी की गई। यह कार्रवाई वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला की अध्यक्षता में जिला खनन पदाधिकारी, खान निरीक्षक एवं सशस्त्र पुलिस बल की उपस्थिति में की गई।

जाँच के क्रम में जी०आर० 23.042105, 84.724294 क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 23,000 घनफीट एवं समीपवर्ती क्षेत्र में लगभग 6,500 घनफीट बालू अवैध रूप से भण्डारित पाया गया। अवैध बालू को दिनांक 22.05.2025 को जप्त करते हुए मुखिया प्रतिनिधि को सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया।

उक्त स्थल पर वन क्षेत्र अंतर्गत एक ट्रैक्टर भी जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा जब्त किया गया है, जिसके विरुद्ध वन अधिनियम एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि बिना वैध पट्टा या अनुज्ञप्ति के खनिज का उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करना झारखण्ड लघु खनिज समन्वय नियमावली, 2004 के नियम 4 एवं 54 के नियम 7 एवं 9 के अंतर्गत दण्डनीय है। साथ ही यह भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत भी दण्डनीय अपराध है।

जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### दक्षिण छोटानागपुर रांची प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने पलामू आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



**बिनय मिश्रा :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के अधिकारी एंव दक्षिण छोटानागपुर के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र को पलामू का भी अतिरिक्त दायित्व मिलने के पश्चात उन्होंने 22 मई को पलामू का भी आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। गौरतलब हो कि श्री मिश्र भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ और अपने उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं इनके बेहतर कायानुंभव और प्रशासनिक दक्षता के फलस्वरूप इन्हें पलामू का भी दायित्व मिला है। विदित हो कि पलामू प्रमंडल में लातेहार, पलामू और गढ़वा जिला समाहित है। श्री मिश्र जैसे दक्ष और कुशल आईएएस अधिकारी से विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित हैं।

### दाखिल-खारिज मामले में सभी 12 सीओ को जवाब सौंपने की अवधि पूरी

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी 12 अंचलाधिकारियों को जवाब देने का समय पूरा हो गया है। उन्हें उपायुक्त को जवाब देना है। सभी सीओ पर आरोप है कि वे म्यूटेशन के मामले को बेवजह लटकाते हैं। उन्हें हर हाल में 90 दिन के भीतर म्यूटेशन या दाखिल-खारिज के मामलों का निष्पादन कर देना है। इसके बावजूद वे इसे गंभीरता से नहीं लेते। इसकी शिकायत मिलने पर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने अब कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है। सभी अंचलाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनसे तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। इस जवाब में उन्हें म्यूटेशन की ताजा स्थिति की जानकारी भी देनी है। उपायुक्त ने इस बात तय किया है कि म्यूटेशन के मामले 90 दिन से अधिक लटकाने वाले सीओ को सेवा के अधिकार कानून के तहत दंडित किया जाएगा। इसके तहत प्रति केस 500 रुपए जुमार्ना वसूला जाएगा। अगर ऐसा हुआ, तो जिला के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा कि किसी सरकारी अधिकारी को सेवा में कोताही बरतने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

## बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड में केड़ के पास स्टेशन सुविधा बहाल हो : अनीता देवी

मेट्रो रेज संवाददाता

**लातेहार :** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने दक्षिण पूर्व रेलवे बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड के डीआरएम से मिलकर बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत लातेहार जिले में हो रहे रेलवे ट्रैक चौड़ीकरण में आ रही समस्याओं के संबंध में बात की ' उन्होंने बताया कि इस रेलवे मार्ग में अवस्थित बेतला राष्ट्रीय पार्क जो देश का एक टाइगर रिजर्व भी है, यह पर्यटन की दृष्टि से देश में उच्च स्थान रखता है ' इस पुनरीक्षित रेलखंड में केड़ सबसे नजदीक स्थान है जहां से बेतला पार्क मात्र ढाई किलोमीटर की दूरी पर होगा। केड़ में एक स्टेशन की सुविधा देना अत्यंत आवश्यक है

इससे जहां एक ओर दूर दराज से आए पर्यटकों को बेतला नेशनल पार्क जाने में काफी सुविधा होगी ' वहीं दूसरी ओर यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार और आवागमन की सुविधा भी मिल पाएगी '

ज्ञात हो कि इस रेलखंड के चौड़ीकरण में जैविक उद्यान के एरिया को छोड़कर रूट डायवर्ट किया जा रहा है ' जिससे दो स्टेशनों के बीच की दूरी बढ़ जा रही है ' ऐसी स्थिति में केड़ के पास स्टेशन सुविधा देना हर दृष्टिकोण से उपयुक्त है।

साथ ही स्टेशन का नाम यदि बेतला नेशनल पार्क रखा जाए तो यह स्थान राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने में कारगर होगा। उन्होंने इसे जनहित, पर्यटनहित एवं राजस्वहित में सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। अनीता देवी ने बताया कि डीआरएम द्वारा सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है ' यदि केड़ में स्टेशन को स्वीकृत कर दिया जाता है तो स्थानीय लोगों के पास साथ-साथ जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी और इससे निश्चित रूप से बेतला राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

### उत्कल के टाटानगर नहीं आने से परेशान हैं यात्री

**जमशेदपुर :** गम्हरिया और सीनी स्टेशन के बीच लाइन ब्लॉक के कारण पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस दिन बदलकर टाटानगर नहीं आ रही है। इससे अपडाउन में कोल्हान के सैकड़ों यात्रियों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। रेलवे के अनुसार, उत्कल एक्सप्रेस पुरी से 20, 27 मई व 3, 10, 17, 24 जून तथा ऋषिकेश से 22 मई व 1, 8, 15, 22, 29 जून को कटक, संबलपुर व झारसुगुड़ा होते हुए चलेगी। इधर, दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस के टाटानगर नहीं आने पर चक्रधरपुर मंडल ने यात्रियों को बस द्वारा कांड्रा स्टेशन पहुंचाने और जमशेदपुर लाने की व्यवस्था की है।

## परियोजना निदेशक, आईटीडीए ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण



मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला परियोजना निदेशक, (आईटीडीए), रीना हांसदा द्वारा सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी पंजी, डिलीवरी रजिस्टर, दवा भंडारण, लेबर रूम एवं विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

परियोजना निदेशक ने गुमला सदर अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि डिस्चार्ज के समय ही जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा रोगियों को समय पर दवा एवं परामर्श उपलब्ध कराने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक ने अस्पताल में जनजातीय समुदाय से संबंधित लाभुकों की स्थिति का विशेष ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं सेवंचित न हो ।

## साइबर अपराधियों ने फिर बनाई डीसी की फेक फेसबुक आईडी

**जमशेदपुर :** साइबर अपराधियों ने एक बार फिर पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के नाम से फेसबुक पर फेक आईडी बनाई है. बीते कुछ माह में तीसरी बार डीसी के नाम से फेक फेसबुक आईडी बनाई गई है.

डीसी अनन्य मित्तल ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है. जारी सूचना में उन्होंने कहा है कि यदि कोई संदिग्ध फेसबुक आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट या असामान्य संदेश प्राप्त होता है, तो तुरंत उस आईडी को ब्लॉक कर दें और इसकी सूचना साइबर सेल, जमशेदपुर व जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय को तत्काल दें. साइबर सेल मामले की जांच में जुट गया है.

## झरिया में तीन घंटे तक रहा ब्लैकआउट

**धनबाद :** झरिया डीवीसी पुटकी के ट्रांसफॉर्मर में गड़बड़ी से झरिया में तीन घंटे तक ब्लैकआउट रहा। गुरुवार को शाम 5:30 बजे से 8.30 बजे तक पूरी तरह बिजली गुल रही। जामाडोबा से सप्लाई की जाने वाली बिजली भी ठप हो गई थी। जामाडोबा जल संयंत्र से लेकर झरिया एक नंबर, दो नंबर, तीन नंबर के अलावे अन्य इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता विद्युत झरिया एसके बख्शी ने बताया कि डीवीसी पुटकी के पावर में कुछ गड़बड़ी आयी थी, जिसको दुरुस्त किया जा रहा है। यह अभी पूरी तरह से सामान्य नहीं हुई है। 50 प्रतिशत ही लोड दिया जा रहा है। जामाडोबा से सभी फीडरों को फिलहाल रोटेशन पर बिजली दी जा रही है। झरिया और पुटकी को आज भी झेलना होगा पानी संकट झरिया। झमाडा के जामाडोबा स्थित जल संयंत्र की बिजली बुधवार की शाम करीब चार आयी आंधी-बारिश के साथ ही गुल हो गई थी। करीब 14 घंटे तक बिजली गुल रही। गुरुवार की सुबह करीब छह बजे बिजली बहाल हुई। उसके बाद जल भंडारण का कार्य शुरू हुआ। 14 घंटे तक बिजली नहीं रहने के कारण झरिया ही नहीं पुटकी क्षेत्र की जलापूर्ति भी ठप रही। बिजली बहाल होने के बाद जल भंडारण कर जलमीनारों को पानी भेजा गया। शाम को झरिया शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति हुई है। इस दौरान फिर गुरुवार की शाम से डीवीसी का पावर फेल हो जाने के कारण बिजली गुल हो गई थी। इसका असर भी शुक्रवार को झरिया और पुटकी क्षेत्र में जलापूर्ति पर पड़ेगा। झमाडा के अभियंता आशुतोष राणा ने बताया कि रात भर बिजली नहीं थी। इधर फिर डीवीसी की ओर से शाम को बिजली गायब कर दी गई थी।

## सरयू ने पूछा: कौन हैं वो जो बड़े अफसरों के फैसले जमीन पर उतरने नहीं देते?



मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो पेयजल परियोजना और कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित धरना में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि अगर आला अफसर आदेश कर रहे हैं और नीचे वाले उसे मान नहीं रहे हैं, तो इसका मतलब यह हुआ कि मानगो पेयजल परियोजना के खिलाफ साजिश चल रही है. कुछ लोग हैं जो नहीं चाहते कि मानगो पेयजल परियोजना सफल हो. सरयू राय ने सवाल उठाया कि यह कैसे संभव है कि सीनियर अफसर आदेश करें और उनकी बात जमीन पर न उतरे? आखिर वो कौन लोग हैं जो बड़े अफसरों के आदेश को जमीन पर उतरने नहीं दे रहे? ऐसे लोगों की जांच होनी चाहिए और उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए.

जमशेदपुर की कानून व्यवस्था के सवाल पर सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर में पुलिस को अपना इकबाल बुलंद करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी में हम लोगों ने इतना काम किया, जितना 25 वर्षों में भी नहीं हुआ था.

सरयू राय ने जमशेदपुर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना में शामिल हजारों लोगों से उन्होंने कहा कि मानगो पेयजल परियोजना में 125 करोड़ से अधिक खर्च हुआ, लेकिन आज मानगो के 75% घरों में पानी नहीं आ रहा. केवल एक मोटर को छोड़कर आज इनके इंटकवेल के सभी मोटर धराशायी हो गए हैं. वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी मोटर जला हुआ है. टंकियों के मोटर जले हुए हैं. घरों में पानी नहीं आ रहा. लोग परेशान हैं.

सरयू राय ने कहा कि ऊपर के अफसर कहते हैं कि वो दबाव डाल कर काम कराएंगे. लेकिन होता यह है कि ऊपर के अफसर दबाव बनाते हैं पर नीचे के लोग बड़े अफसरों की सुनते नहीं. उन्होंने जानना चाहा कि ऐसे कौन से लोग हैं, जो ऊपर के अफसरों के दबाव से नीचे के लोगों को बचा रहे हैं? यह परियोजना पूरा नहीं होगा तो मानगो के लोगों को पानी नहीं मिलेगा. विधायक ने कहा कि जमशेदपुर की कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है. शहर की महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं. अब उन्हें सड़क पर निकलने में डर लग रहा है. उन्हें भय है कि वह सड़क पर चलेंगी और कोई उनसे छिनतई कर लेगा. जमशेदपुर पुलिस को अपना इकबाल बुलंद करने की जरूरत है.

धरना कार्यक्रम में आशुतोष राय, एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय, आजसू के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, लोजपा के जिलाध्यक्ष सतीश सिंह, जद(यू) के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, भाजपा नेता केपी सिंह, नित्यानंद सिन्हा, लल्लन दिवेदी, शत्रुघ्न गिरी, बीजेपी कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह भीम, बिष्टुपुर मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी आदि शामिल थे।

शादी की सालगिरह की हार्दिक शुभकामना और बधाई



झारखंड के वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा एवं ज्योति मिश्रा के शादी की सालगिरह पर समस्त परिजन, मित्रगण और शुभचिंतकों की ओर से हार्दिक शुभकामना और बधाई

मिश्रा निवास